# हरियाणा
# सामान्य ज्ञान
# वस्तुनिष्ठ
## अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स

**प्रधान सम्पादक**
आनन्द कुमार महाजन
**लेखन सहयोग**
परीक्षा विशेषज्ञ समिति
**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**
बालकृष्ण, पंकज कुशवाहा
**सम्पादकीय कार्यालय**
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
**मो. : 9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/ www.yctbooksprime.com**
**© All Rights Reserved with Publisher**
**प्रकाशन घोषणा**
प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP YCT BOOKS, से मुद्रित करवाकर,
वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।
इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है
फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।
**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची


**1. हरियाणा : सामान्य परिचय....................7-34**

- हरियाणा : सामान्य परिचय....................7
- भारत के सन्दर्भ में हरियाणा का स्थान....................15
- हरियाणा के जिले, मंडल, उपमंडल, तहसील, उप-तहसील व खंड....................16
- हरियाणा : जनगणना एवं नगरीकरण (2011)....................29
- चण्डीगढ़ (राजधानी क्षेत्र)....................33

**2. हरियाणा : इतिहास....................35-58**

- हरियाणा का नामकरण....................35
- प्राचीन इतिहास के स्रोत....................36
- पुरातात्विक सामग्री (अभिलेख, सिक्के, मुद्राएं, मूर्तियाँ)....................37
- पाषाणकाल, सीसवाल व सिन्धु घाटी सभ्यता....................38
- वैदिक सभ्यता....................41
- हरियाणा में बौद्ध धर्म एवं जैन धर्म....................41
- गणराज्यों का उदय (यौधेय, कुणिंद अग्र, अर्जुनायन)....................42
- मौर्य वंश काल....................42
- मौर्योत्तर काल....................42
- पुष्यभूति (वर्धन) वंश....................43
- गुर्जर प्रतिहार व तोमर वंश....................45
- पूर्व मध्यकालीन हरियाणा....................46
- सल्तनत काल में हरियाणा....................46
- मुगल काल में हरियाणा....................48
- हरियाणा में उत्तर मुगल काल....................50
- सूफी मत व भक्ति आन्दोलन....................51
- जॉर्ज थॉमस का हरियाणा शासन (1797 से 1802)....................53
- हरियाणा में आर्य समाज....................54
- ईस्ट इंडिया कम्पनी....................54
- 1857 की क्रांति....................54
- कांग्रेस व राष्ट्रीय आन्दोलन....................56

**3. हरियाणा : भूगोल....................59-113**

- भौगोलिक संरचना....................59
- हरियाणा की जलवायु....................64
- हरियाणा की नदियाँ....................66
- हरियाणा की झीलें/कुण्ड....................71
- हरियाणा के बांध/नहर....................76
- सिंचाई एवं विभिन्न परियोजनाएँ....................78
- हरियाणा के मृदा संसाधन....................79

- हरियाणा राज्य में कृषि/मत्स्यपालन ....... 80
- हरियाणा में पशुपालन ....... 84
- हरियाणा राज्य की वन सम्पदा/अभयारण्य/चिड़ियाघर ....... 86
- हरियाणा के उद्योग-धन्धे ....... 91
- खनिज एवं ऊर्जा संसाधन ....... 99
- परिवहन एवं संचार व्यवस्था ....... 102
- शिक्षा, स्वास्थ्य और अनुसंधान ....... 106

**4. हरियाणा : राजव्यवस्था ....... 114-127**

- हरियाणा का राजनैतिक परिचय ....... 114
- हरियाणा के राज्यपाल ....... 115
- लोकसभा, राज्यसभा तथा हरियाणा की विधानसभा ....... 117
- हरियाणा के मुख्यमंत्री/एवं मंत्रिमण्डल ....... 119
- न्यायपालिका ....... 122
- स्थानीय स्वशासन ....... 125
- राज्य की महत्वपूर्ण संस्थाएं एवं पदाधिकारी ....... 127

**5. हरियाणा : कला एवं संस्कृति ....... 128-162**

- मूर्तिकला और चित्रकला ....... 128
- पुरातत्व व संग्रहालय ....... 128
- हरियाणा के किले एवं दुर्ग/महल ....... 128
- हरियाणा के प्रमुख पर्व एवं त्यौहार ....... 130
- लोकगीत, लोक नाट्य लोकनृत्य व वाद्ययंत्र ....... 133
- मेले व उत्सव ....... 139
- प्रमुख मन्दिर, मस्जिद एवं गुरुद्वारे ....... 143
- महत्त्वपूर्ण प्राचीन स्मारक (दरगाह, मजार, मकबरे, चर्च, हवैली व कोठियां) ....... 148
- पर्यटन स्थल/प्राचीन नगर ....... 150
- धार्मिक स्थल/तीर्थ स्थल ....... 152
- लोक विश्वास ....... 155
- हरियाणवी फिल्म/आकाशवाणी ....... 156
- वेशभूषा एवं रीति-रिवाज ....... 159
- मुहावरे व लोकोक्तियां ....... 162
- जातिगत व्यवस्था ....... 162

**6. हरियाणा : भाषा और साहित्य ....... 163-183**

- भाषा, साहित्य और समाचार पत्र/कवि ....... 163
- अकादमी, पुरस्कार एवं सम्मान ....... 168
- ऐतिहासिक/प्रसिद्ध व्यक्तित्व ....... 175

**7. हरियाणा : खेलकूद, अर्थव्यवस्था एवं कल्याणकारी योजनाएं ....... 184-195**

- खेलकूद ....... 184
- राज्य की कल्याणकारी योजनाएं ....... 185
- हरियाणा की अर्थव्यवस्था ....... 195

**8. विविध ....... 196-208**

# <u>प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण</u>


## पूर्व परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट


| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| **1.** | CET, 2022, 2023 | 10×100 = 1000 |
| **2.** | TGT 2023 | 11×100 = 1100 |
| **3.** | HSSC 25-27 December, 2021 | 7 ×100 = 700 |
| **4.** | Police Constable, 2021 | 28 ×100 = 2800 |
| **5.** | Police Durga Shakti, 2021 | 1 ×100 = 100 |
| **6.** | Police constable Male/Female/IRB, 2018 , 2017, 2015 | 6 ×100 = 600 |
| **7.** | Police Sub Inspector Male/Female, 2018, 2021 | 6 ×100 = 600 |
| **8.** | Assistant Revenue Clerk , 2021 | 1 ×100 = 100 |
| **9.** | Commando, 2021 | 1 ×100 = 100 |
| **10.** | ALM, 2021 | 1 ×100 = 100 |
| **11.** | Gram Sachiv, 2021 | 4 ×100 = 400 |
| **12.** | Clerk, 2015, 27.11.2016, 11.12.2016, 20.11.2016, 13.11.2016, 20.11.2016, 27.11.2016, 2019 , 2021 | 14 ×100 = 1400 |
| **13.** | Auditor, 2015 | 1 ×100 = 100 |
| **14.** | Auditor (Local Audit Department Haryana) 2015 | 7 ×100 = 700 |
| **15.** | Accountant (Urban Local Bodies Department, Haryana) 2016 | 3 ×100 = 300 |
| **16.** | LDC 2016, 2019 | 13 ×100 = 1300 |
| **17.** | CDC UDC Clerk 23.06.2016 | 3 ×100 = 300 |
| **18.** | Shift Attendant, 2016 | 1 ×100 = 100 |
| **19.** | Patwari, 2016 | 1 ×100 = 100 |
| **20.** | Panchayat Officer, 2015 | 1 ×100 = 100 |
| **21.** | Deputy Ranger (Forest Department Haryana) 2015 | 3 ×100 = 300 |
| **22.** | PGT 2015 | 15 ×100 = 1500 |
| **23.** | Divisional Accountant Officer , 2016, 2019, 2021 | 5 ×100 = 500 |
| **24.** | Industrial Extension Officer at Headquarter (Industries and Commerce Department, Haryana) 2016 | 6 ×100 = 600 |
| **25.** | Industries & Commerce Department, 2016 | 1 ×100 = 100 |
| **26.** | Taxation Inspector, 2015 | 1 ×100 = 100 |
| **27.** | Junior Scale Stenographer English-Hindi, 2017 | 1 ×100 = 100 |

| | | |
|---|---|---|
| **28.** | Operation Theatre Assistant Session, 2017, 2021 | 3 ×100 = 300 |
| **29.** | Water Pump Operator Grade-II, 2017 | 1 ×100 = 100 |
| **30.** | Sanitary Inspector, 2017 | 6 ×100 = 600 |
| **31.** | Station Supervisor, 2016 | 1 ×100 = 100 |
| **32.** | HSSC, 2018, 2016 | 4 ×100 = 400 |
| **33.** | Junior Engineer Paper, 2018 | 1 ×100 = 100 |
| **34.** | Accountant (MC), 2018 | 1 ×100 = 100 |
| **35.** | Tehsil Welfare Officer, 2018 | 3 ×100 = 300 |
| **36.** | Lab Assistant, 2018, 2017 | 2 ×100 = 200 |
| **37.** | Group D, 2018, | 8 ×100 = 800 |
| **38.** | Fire Station Officer, 2019 | 1 ×100 = 100 |
| **39.** | Table Vadak, 2018 | 1 ×100 = 100 |
| **40.** | Agriculture Inspector (Soil Conservation)-2016 | 6 ×100 = 600 |
| **41.** | Conductor, 2017 | 4 ×100 = 400 |
| **42.** | Wilf Life Gaurd, 2017 | 1 ×100 = 100 |
| **43.** | Roadways, 2017 | 1 ×100 = 100 |
| **44.** | Field Inspector (Store) 2015 | 3 ×100 = 300 |
| **45.** | Tracer (Agriculture Department, Haryana), 2021, 2016 | 3 ×100 = 300 |
| **46.** | Staff Nursing, 2021, 2015 | 2 ×200 = 200 |
| **47.** | Assistant Sanitary Inspector, 2017 | 2 ×100 = 200 |
| **48.** | Mandi Supervisor, 2021 | 1 ×100 = 100 |
| **49.** | Food Supply Inspector 2016 | 1 ×100 = 100 |
| **50.** | Computer (Health Services Department) 2016 | 2 ×100 = 200 |
| **51.** | Assistant Secretary, 2017 | 1 ×100 = 100 |
| **52.** | Taxation Inspector, 2017 | 1 ×100 = 100 |
| **53.** | Computer, Social Development Industrial training Department, 2019 | 1 ×100 = 100 |
| **54.** | Nayab Tahsildar, 2019 | 1 ×100 = 100 |
| **55.** | H.J.S.E. 2020 | 1 ×100 = 100 |
| **56.** | Labour Inspector, 2016 | 1 ×100 = 100 |
| **57.** | VLDA, 2017 | 1 ×100 = 100 |
| **58.** | Haryana PCS, 2014, 2019, 2021, 2022, 2023 | 5 ×100 = 500 |
| | **Total** | **22200** |

**नोट–** उपरोक्त **222** प्रश्नपत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरान्त यथा संभव समान प्रकृति एवं प्रवृत्ति से बचते हुए **हरियाणा सामान्य ज्ञान** से सम्बन्धित कुल **22200** से अधिक प्रश्नों को अध्यायवार प्रस्तुत किया गया है। दुहराव वाले प्रश्नों का परीक्षा वर्ष एवं परीक्षा नाम यथास्थान निर्दिष्ट कर दिया गया है।

# Trend Analysis of previous year question Papers



# 01.

# हरियाणा : सामान्य परिचय

## हरियाणा : सामान्य परिचय

**1. पंजाब का वह पुनर्गठन जिसने हरियाणा को एक पूर्ण राज्य के रूप में स्थापित किया, वह किस वर्ष हुआ था?**

(a) 1962 (b) 1965
(c) 1966 (d) 1961
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (c) :** राज्य के रूप में हरियाणा 1 नम्वबर 1966 को पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के माध्यम से अस्तित्व में आया। हरियाणा की राजधानी चण्डीगढ़ है। हरियाणा में 22 जिले तथा 6 प्रशासनिक प्रभाग हैं। यहाँ 90 विधानसभा सीटें, 10 लोकसभा सीटें और 5 राज्यसभा सीटें हैं।

**2. हरियाणा में कितने लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र हैं?**

(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 9
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**3. हरियाणा का राज्य पुष्प क्या है?**

(a) दहलिया (b) तुलिप
(c) कमल (d) गेंदा
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC Operation Thratre Asst.-2021**
**HSSC Junior Eng-2018 II Shift**
**HSSC Computer Teacher 2019**
**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (c) :** हरियाणा का राजकीय चिह्न –

| | |
|---|---|
| राजकीय वृक्ष | पीपल |
| राजकीय पुष्प | कमल |
| राजकीय पशु | काला हिरण |
| राजकीय पक्षी | ब्लैक फ्रैंकोलीन (कालातीतर) |
| राजकीय खेल | कुश्ती |

**4. हरियाणा का राज्य पशु कौन सा है?**

(a) ऊँट (b) बाघ
(c) काला हिरण (d) हाथी
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (c)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. हरियाणा किस वर्ष पूर्ण राज्य बना?**

(a) 1971 (b) 1963
(c) 1962 (d) 1966
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (d)** पंजाब के जिस हिस्से में हरियाणवी या हिन्दी भाषा बोली जाती थी। उस क्षेत्र को भाषा के आधार पर हरियाणा राज्य का गठन 1 नवम्बर, 1966 को किया गया। इसकी राजधानी चण्डीगढ़ है। भारत के कुल क्षेत्रफल का 1.34% है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का 20 वाँ राज्य है।

**6. निम्नलिखित में से कौन-सा हरियाणा का राज्य पक्षी है?**

(a) मिलियोबेटिस एक्विला (b) एक्रिडोथिरीज ट्रिस्टिस
(c) कोरवस ब्रैकिराइनोकस (d) फ्रैंकोलिनस फ्रैंकोलिन्स

**HSSC LDC 2019 Evening**
**HSSC Deputy Ranger Forest Dep.-2015**
**Haryana Police (Durga Shakti Paper)-2021**

**Ans. (d) :** हरियाणा का राज्य पक्षी काला तीतर (Black Francolin) इस पक्षी का वैज्ञनिक नाम फ्रोंकोलिनस फ्रेन्कोलिन्स है।

**7. हरियाणा में दूसरा सबसे बड़ा शहर कौन सा है?**

(a) गुड़गांव (गुरुग्राम) (b) फरीदाबाद
(c) अंबाला (d) हिसार

**HSSC Computer (Health Service Dept.) Morning-2016**

**Ans. (a) :** हरियाणा में गुरुग्राम फरीदाबाद के बाद दूसरा सबसे बड़ा शहर है। 2011 की जनगणना के अनुसार फरीदाबाद का पहला और गुरुग्राम का दूसरा स्थान है गुरुग्राम हरियाणा का औद्योगिक और वित्तीय केन्द्र है। यह दिल्ली का प्रमुख उपग्रह शहर है और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) का हिस्सा है।

**8. किस वर्ष में हरियाणा राज्य की स्थापना हुई थी?**

(a) 1965 (b) 1954
(c) 1960 (d) 1966

**HSSC Table Vadak 2018**
**HSSC Computer (Health Service Dept.) Morning-2016**

**Ans. (d) :** हरियाणा राज्य का गठन 1 नवंबर 1966 को किया गया था। इसकी राजधानी चण्डीगढ़ है हरियाणा में 22 जिले तथा 6 प्रशासनिक मण्डल हैं।

**9. किस वर्ष में हरियाणा राज्य की स्थापना हुई थी-**

(a) 1 नवंबर, 1966 को (b) 1 अक्टूबर, 1966 को
(c) 1 स्तिम्बर, 1966 को (d) 1 नवंबर, 1965 को

**HSSC Computer (HSD) 2016 Morning**
**HSSC Asst. Sanitary Inspector 24/11/2017 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** हुकुम सिंह समिति की सिफारिश पर हरियाणा राज्य की स्थापना 1 नवंबर 1966 को की गई थी।

**10. हरियाणा को पूर्ण राज्य का दर्जा कब मिला।**

(a) 1 नवम्बर 1966 (b) 30 जनवरी 1970
(c) 20 जून 1965 (d) 2 अक्टूबर 1968

**HSSC Patwari Exam 2015**

**Ans. (a) :** राज्य के रूप में हरियाणा 1 नवम्बर 1966 को पंजाब पुनर्गठन अधिनियम (1966) के माध्यम से अस्तित्व मे आया था।

11. जब हरियाणा राज्य का पहली बार गठन हुआ था तब उसमें कितने जिले थे?
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8
**HSSC LDC-2019 Evening**
**HSSC Computer (Health Service Dept.) Evening-2016-2016**

**Ans. (c) :** हरियाणा राज्य के गठन के समय (1 नवंबर 1966) यहाँ 7 जिले थे। इन जिलों के नाम अंबाला, करनाल, गुरुगाम, हिसार, महेंद्रगढ़, रोहतक और जींद थे।

12. हरियाणा राज्य की सीमाएं कितने अन्य राज्यों की सीमाओं से मिलती हैं?
(a) 6 (b) 7
(c) 5 (d) 4
**HSSC Taxtation Inspector 2015**
**HSSC Food Supply Inspector 2016**
**HSSC Computer (Health Service Dept.) Evening-2016-2016**

**Ans. (c) :** हरियाणा राज्य की सीमाएं भारत के 5 राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तथा केन्द्र शासित चंडीगढ़ से मिलती हैं। हरियाणा के उत्तर में पंजाब और हिमाचल प्रदेश, पूर्व में उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश, दक्षिण पूर्व में दिल्ली और दक्षिण तथा पश्चिम में राजस्थान स्थित है।

13. भारतीय सेना के पश्चिमी कमांड का मुख्यालय स्थित है
(a) हिसार (b) चंडी मंदिर
(c) पानीपत (d) अम्बाला
**HSSC Deputy Ranger Exam 2015 Shift-I**

**Ans. (b) :** भारतीय सेना की पश्चिम कमान का मुख्यालय चंडी मन्दिर हरियाणा में स्थित है। यह चण्डीगढ़ से लगभग 5 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। पश्चिम कमान भारत के पश्चिमी सीमाओं के लिये जिम्मेदार है। इसमें जम्मू-कश्मीर और पंजाब शामिल हैं।

14. पंजाब हरियाणा का सीमांकन किस आयोग ने किया?
(a) जे.सी. शाह आयोग (b) कोठारी आयोग
(c) सरकारिया आयोग (d) इनमें से कोई नहीं
**HSSC Accountant Exam-2016**
**HSSC Sanitary Inspector 25/11/2017 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** पंजाब और हरियाणा राज्य का सीमांकन न्यायमूर्ति जे.सी शाह के अध्यक्षता मे बने शाह आयोग ने किया था। शाह आयोग का गठन 23 अप्रैल, 1916 को हुकुम सिंह की सिफारिश पर भारत सरकार ने किया था। शाह आयोग ने अपनी रिपोर्ट 31 मई 1966 को प्रस्तुत की थी।

15. किस राज्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कलाम मेमोरियल का उद्घाटन किया ?
(a) गुजरात (b) आंध्र प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) केरल
**HSSC Asst. Sanitary Inspector 24/11/2017 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम् में डा. ए. पी. जे अब्दुल कलाम के स्मारक का 27 जुलाई 2017 को उद्धाटन किया। कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वर में हुआ था। इनका निधन आई.आई.एम. शिलांग में व्याख्यान देने के दौरान 27 जुलाई 2015 को हुआ था। कलाम का स्मारक उनके जीवन और समय को उल्लेखनीय तरीके से प्रस्तुत करता है।

16. हरियाणा दिवस कब मनाया जाता है?
(a) 1 जनवरी (b) 1 अक्टूबर
(c) 1 नवंबर (d) 1 अप्रैल
**HSSC Clerk Exam 2015**
**HSSC Agriculture Inspector Exam (Shift-II)-2016**

**Ans. (c) :** हरियाणा दिवस 1 नवंबर को मनाया जाता है। हरियाणा राज्य का गठन 1 नवंबर 1966 को किया गया था।

17. _______ को ''हरियाणा की काशी'' कहा जाता है।
(a) भिवानी (b) सोनीपत
(c) पानीपत (d) रेवाड़ी
**HSSC Deputy Ranger Exam (Shift-I)-2015-2015**

**Ans (a) :** हरियाणा के भिवानी जिले को छोटी काशी के नाम से जाना जाता है। भिवानी को मन्दिरों का नगर और भारत की छोटी काशी भी कहा जाता है। यहां करीब 300 मन्दिर हैं।

18. हरियाणा का राज्य _______ पशु है।
(a) बारहसिंगा (b) कृष्णमृग
(c) कस्तूरी मृग (d) हंगुल
**HSSC 2018 II Shift**
**HSSC Lab Asst. 2017 I Shift**
**HSSC Deputy Forest 2015 Morning**
**HSSC CET 2022 II Shift**
**HSSC Deputy Ranger Exam (Shift-I)-2015-2015**

**Ans (b) :** हरियाणा का राज्य पशु कृष्ण मृग (Black buck) है। इसका वैज्ञानिक नाम एंटीलोप सर्विकापरा है। काला हिरण मुख्य रूप से भारत में पाया जाता है। अल्प मात्रा में पाकिस्तान और नेपाल में भी पाया जाता है।

19. निम्नलिखित में से कौन-सा हरियाणा का भौगोलिक लक्षण नहीं है?
(a) निम्न शिवालिक पहाड़ियाँ (b) बांगर भूभाग
(c) यमुना घग्गर मैदान (d) चंबल घाटी
**HSSC Police Sub-Inspector 02-12-2018 Shit-1**

**Ans. (d) :** हरियाणा के भौगोलिक लक्षणों के अन्तर्गत निम्न शिवालिक पहाड़ियों पर बांगर भूभाग तथा यमुना घग्गर मैदान आते हैं। जबकि चम्बल घाटी का क्षेत्र हरियाणा के भौगोलिक क्षेत्र के अन्तर्गत नहीं आता है। चंबल घाटी राजस्थान राज्य में स्थित है।

20. ............. हरियाणा का राजकीय वृक्ष है।
(a) बरगद (b) पीपल
(c) शहतूत (d) अशोक
**HSSC Conductor Exam 2017 Evening**
**HSSC OTA Afternoon-2021**
**HSSC Accountant Exam-2016**

**Ans. (b) :** हरियाणा राज्य का राजकीय वृक्ष 'पीपल' है। जिसका वैज्ञानिक नाम फिकस रेलिजिओसा है। यह एक औषधीय एवं पर्यावरण अनुकूल वृक्ष है। जबकि राजकीय पुष्प-कमल तथा राज्य का राजकीय पक्षी ब्लैक फ्रैंकोलीन है।

21. कौन-सा जिला सबसे आखिर में बना?
(a) मेवात (b) पलवल
(c) पंचकुला (d) कैथल
**HSSC Clerk 2016 Morning**
**HSSC Clerk Exam 20/11/2016**

**Ans. (c)** हरियाणा में कुल 22 जिले हैं। चरखी दादरी हरियाणा का 22 वाँ जिला है इसे 1 दिसम्बर 2016 को अधिसूचित किया गया था। पलवल हरियाणा का 21 वाँ जिला है। पंचकुला जिले का गठन 1995 में किया गया था। कैथल जिले का गठन 1989 में किया गया था। यह जिला हरियाणा के उत्तर पश्चिम में स्थित है।

**22. हरियाणा के किस जिले की सीमा भारत के अन्य किसी राज्य को स्पर्श नहीं करती है?**

(a) रोहतक (b) रेवाड़ी
(c) भिवानी (d) यमुनानगर

**HSSC Clerk Exam 20/11/2016**

**Ans. (a)** हरियाणा के रोहतक और चरखी दादरी जिले भारत के किसी अन्य राज्य के साथ सीमा साझा नहीं करते हैं। हरियाणा के शेष 20 जिले किसी न किसी भारतीय राज्य के साथ सीमा साझा करते हैं।

**23. हरियाणा गठन के समय यहाँ कितने जिले थे?**

(a) सात (b) दस
(c) नौ (d) आठ

**HSSC Patwari Exam 2015**
**HSSC Clerk 2016**
**HSSC Junior Eng 2018 II Shift**

**Ans. (a) :** 1 नवम्बर 1966 को जब तत्कालीन पूर्वी पंजाब के विभाजन द्वारा हरियाणा राज्य की स्थापना हुई थी। तब राज्य में 7 जिले थे- रोहतक, जींद, हिसार, महेन्द्रगढ़, गुड़गाँव करनाल, अम्बाला।

**24. हरियाणा के किस भाग में शिवालिक पर्वत श्रेणियाँ स्थित हैं?**

(a) उत्तर-पश्चिमी (b) उत्तरी-पूर्वी
(c) दक्षिणी-पश्चिमी (d) दक्षिणी –पूर्वी

**HSSC Police Const. (Female) 18/03/2016**

**Ans. (b) –** हरियाणा के उत्तरी -पूर्वी भाग में शिवालिक पर्वत श्रेणियाँ स्थित हैं। हरियाणा में शिवालिक क्षेत्र अंबाला, पंचकुला और यमुनापार के कुछ हिस्सों के 3514 वर्ग किमी. से अधिक फैला हुआ है। शिवालिक श्रेणी देश में सबसे संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र है। शिलालिक हिमालय बाहरी हिमालय की एक पर्वत श्रृंखला है।

**25. हरियाणा की राजभाषा कौन-सी है?**

(a) उर्दू (b) पंजाबी
(c) अंग्रेजी (d) हिन्दी

**HSSC Conductor-2017**
**HSSC Clerk Exam 27/11/2016 Evening**

**Ans. (c)** हरियाणा की राजकीय भाषा हिन्दी है। भाषाई आधार पर पंजाबी भाषी, पंजाब से हिन्दी भाषी हरियाणा को वर्ष 1966 में अलग राज्य बनाया गया था। हरियाणा में हरियाणवी पंजाबी, ब्रज, मेवाती और अहीवाटी बोलियां बोली जाती हैं।

**26. हरियाणा राज्य की स्थापना कब की गई थी?**

(a) 1 नवंबर 1968 (b) 1 नवंबर 1966
(c) 1 नवंबर 1967 (d) 1 दिसंबर 1966

**HSSC Lab Asst.2017 III Shift**
**HSSC Police Const. (Female) 18/03/2016**
**HSSC Deputy Forest Ranger 2015 Afternoon**

**Ans. (b) :** भारतीय गणराज्य के एक अलग प्रदेश के रूप में हरियाणा की स्थापना 1 नवम्बर, 1966 को की गई थी। हरियाणा एक प्राचीन नाम है। पुरातन काल में इस भू-भाग को ब्रह्मवर्त, आर्यवर्त और ब्रह्मदेश के नाम से जाना जाता था। पंजाब को तीन हिस्सों, पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश में बांटा गया। इसके बाद भाषाई आधार पर देश में कई और राज्यों में बंटवारे की मांग हुई।

**27. राष्ट्रीय राजधानी में कौन-सा नगर स्थित नहीं है?**

(a) गुड़गाँव (b) बहादुरगढ़
(c) सोनीपत (d) हिसार

**HSSC Divisional Accountant Officer 24.06.2016**

**Ans. (d) :** हरियाणा का हिसार नगर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नहीं आता है। एन सी आर के अन्तर्गत आने वाले जिले हैं-
झज्जर, पलवल, सोनीपत, गुड़गांव, पानीपत, रोहतक, मेवात रेवाड़ी, भिवानी, महेंन्द्रगढ़, फरीदाबाद, करनाल,और जींद ।राज्य का 57% क्षेत्र एनसीआर के अन्तर्गत आता है।

**28. हरियाणा भारत का........सबसे बड़ा राज्य है।**

(a) 21 वां (b) 22वां
(c) 20 वां (d) 25 वां

**HSSC LDC. 2019**
**HSSC Auditor 2015 Afternoon**

**Ans. (c) :** क्षेत्रफल की दृष्टि से हरियाणा भारत का 20वाँ सबसे बड़ा राज्य है जबकि प्रथम स्थान पर राजस्थान राज्य है तथा दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र है।

**29. दिल्ली ............तरफ से हरियाणा से घिरा हुआ है।**

(a) तीन (b) दो
(c) एक (d) चार

**HSSC IEO Exam-2016**

**Ans. (a) :** हरियाणा राज्य दिल्ली के तीन तरफ से घेरे हुए हैं। हरियाणा का सोनीपत जिला उत्तर दिशा से, पश्चिम से झज्जर व गुरुग्राम जिला तथा फरीदाबाद जिला दक्षिण दिशा से दिल्ली को घेरे हुये है। दिल्ली के NCR में हरियाणा के फरीदाबाद, गुड़गांव, रोहतक, नूंह/मेवात, चरखी दादरी, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर, पानीपत, पलवल, जींद, भिवानी, करनाल, महेन्द्रगढ़ आदि जिले शामिल हैं।

**30. हरियाणा राज्य के गठन के उपलक्ष्य में स्वर्ण जंयती समारोह (गोल्डन जुबिली) कब मनाया गया था/जायेगा?**

(a) 1 नवम्बर, 2016 से 1 नवम्बर, 2017 तक
(b) 1 नवम्बर, 2016 से 31 अक्टूबर, 2017
(c) 1 नवम्बर, 2016 से 31 नवम्बर, 2017
(d) 1 नवम्बर, 2017 से 31 अक्टूबर, 2018

**HSSC Junoir Scale Str. Eng/Hindi Exam 14/11/2017**

**Ans. (b) :** 1 नवम्बर 2016 को हरियाणा गठन के 50 वर्ष पूर्ण हुए, हरियाणा सरकार ने 1 नवम्बर 2016 से 31 अक्टूबर 2017 तक स्वर्ण जयंती समारोह मनाया।

**31. हाल ही में हरियाणा सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा जिला बनाया गया है?**

(a) करनाल (b) सोनीपत
(c) दादरी (d) फरीदाबाद

**HSSC Junoir Scale Str. Eng/Hindi Exam 14/11/2017**

Ans. (c) : चरखी दादरी जिला हरियाणा का 22वाँ जिला है हरियाणा सरकार ने 1 दिसम्बर 2016 को चरखी दादरी को जिला बनाने की मान्यता दी। चरखी दादरी जिले की स्थापना भिवानी जिले से की गई है।

**32. 'हरियाणा का इतिहास' किसने लिखा?**
(a) पंडित श्री राम शर्मा (b) धनपत सिंह
(c) पंडित मांगे राम (d) बाजे भगत

**HSSC Auditor 2015 Morning**

Ans. (a) : पंडित श्रीराम शर्मा एक महान स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ-साथ साहित्यकार व इतिहासकार भी थे। इन्होंने हरियाणा का इतिहास एवं हरियाणा के नवरत्न नामक पुस्तकें लिखी थी। पंडित श्रीराम शर्मा को हरियाणा सरकार ने 1976 ई. में हरियाणा साहित्यकार पुरस्कार से सम्मानित किया था।

**33. ........ ने हरियाणा का नाम 'हरना' रखा था।**
(a) महाराज कृष्ण (b) महाराज वैद्य
(c) महाराज वर्धन (d) महाराज चान्द

**HSSC Auditor 2015 Morning**

Ans. (a) : हरियाणा एक प्राचीन नाम है। प्राचीन काल में इस क्षेत्र को ब्रह्मवर्त आयावर्त और ब्रह्मदेश के नाम से जाना जाता था। महाराज कृष्ण ने इसका नाम 'हरना' रखा था। धरणीधर अपनी रचना अखंड प्रकाश में कहते हैं कि 'यह शब्द हरिबंका' से आया है, जो भगवान इंद्र, हरि की पूजा से जुड़ा है।

**34. हरियाणा का उच्च न्यायालय कहाँ स्थित है?**
(a) फरीदाबाद (b) गुरुग्राम
(c) चंडीगढ़ (d) पंचकुला

**HSSC Auditor 2015 Afternoon**

Ans. (c) : भारतीय संविधान के अनुच्छेद 214 के अनुसार प्रत्येक राज्य का एक उच्च न्यायालय है। अनुच्छेद 231 के अनुसार दो या अधिक राज्यों के लिए एक ही उच्च न्यायालय की स्थापना संसद विधि द्वारा कर सकती है। पंजाब और हरियाणा का उच्च - न्यायालय चंडीगढ़ में स्थित है। इसकी स्थापना 1966 में चंडीगढ़ में की गई थी।

**35. हरियाणा की सीमा ........की सीमा से सटी हुई नहीं है।**
(a) दिल्ली (b) पंजाब
(c) उत्तर प्रदेश (d) गुजरात

**HSSC Auditor 2015 Afternoon**

Ans. (d) : हरियाणा राज्य की सीमा गुजरात से नहीं लगती है। हरियाणा के उत्तर में हिमाचल प्रदेश, उत्तर-पूर्व में उत्तराखण्ड, पूर्व में उत्तर प्रदेश, दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम में राजस्थान तथा पश्चिम में पंजाब राज्य स्थित है।

**36. हरियाणा का कुल क्षेत्रफल .......वर्ग किलोमीटर है।**
(a) 44,312 (b) 44,212
(c) 55,412 (d) 33,612

**HSSC Operation Thratre Asst.-2021**
**HSSC Group D-2018 I Shift**
**HSSC PGT. Sociology-2015**
**HSSC Auditor 2015 Afternoon**

Ans. (b) : हरियाणा राज्य का गठन 1 नवंबर, 1966 को हुआ था। इस राज्य की राजधानी चंडीगढ़ है। हरियाणा का कुल क्षेत्रफल 44212 वर्ग किमी. है। क्षेत्रफल की दृष्टि से देश में इसका 20वां स्थान है। हरियाणा का सबसे पूर्वी जिला यमुनानगर एवं सबसे पश्चिमी जिला सिरसा है।

**37. हरियाणा का राजकीय खेल कौन-सा है?**
(a) क्रिकेट (b) कबड्डी
(c) कुश्ती (d) हॉकी

**HSSC Water Pump Operator Grade-II 07/05/2017**

Ans. (c) : हरियाणा का राजकीय खेल कुश्ती है। यह एक प्रकार का द्वन्द्व युद्ध है जो बिना किसी शस्त्र की सहायता के केवल शारीरिक बल के सहारे लड़ा जाता है। पुराणों में इसका उल्लेख मल्लयुद्ध के रूप में मिलता है। हरियाणा में कुश्ती एक कला के तौर पर पहचानी जाती है और कुश्ती खेलने वाले व्यक्ति को पहलवान कहा जाता है।

**38. हरियाणा राज्य के निवासियों का प्रमुख पेशा क्या है?**
(a) कृषि (b) सेवा
(c) उद्योग (d) इनमें से काई नहीं

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 Morning**

Ans. (a) : हरियाणा राज्य के निवासियों का प्रमुख पेशा कृषि है। कृषि हरियाणा राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार है।

**39. 1984 में 'पंजाबी सूबा' नामक एक अलग राज्य का मांग सबसे पहले किसने उठाई थी?**
(a) तारा सिंह (b) वैद्य सिंह
(c) प्रताप सिंह (d) नेकी राम

**HSSC Auditor 14/09/2017 Morning**

Ans. (*) : 'पंजाबी सूबा' नामक एक अलग राज्य की मांग सबसे पहले मास्टर तारा सिंह ने वर्ष 1948 में उठाई थी। प्रश्न में 1984 दिया है अतः प्रश्न त्रुटिपूर्ण है। इसके लिए तारासिंह ने 1960-61 में 43 दिन का आमरण अनशन किया था। जिसके बाद उनकी मांग मानकर पंजाब राज्य का गठन किया गया था।

**40. किस समिति की सिफारिश पर हरियाणा राज्य का गठन किया गया था?**
(a) रणविजय सिंह समिति (b) हुकम सिंह समिति
(c) ध्यान चंद्र समिति (d) पृथ्वी राज समिति

**HSSC PGT English 2015**
**HSSC Auditor 14/09/2017 Morning**

Ans. (b) : सरदार हुकुम सिंह समिति की सिफारिशों के आधार पर हरियाणा राज्य का गठन 1 नवम्बर, 1966 को किया गया था। 23 सितम्बर, 1965 को संसद में इस समिति के गठन की घोषणा की गई थी।

**41. ऐतिहासिक काल में, हरियाणा किस नदी के तट पर स्थित था?**
(a) सरस्वती (b) यमुना
(c) गंगा (d) गोदावरी

**HSSC Accountant morning-2016 -2016**

Ans. (a) : पुरातात्विक खोजों एवं वैज्ञानिक अनुसंधानों के द्वारा पता चलता है कि वर्तमान हरियाणा राज्य प्राचीन काल में सरस्वती नदी के किनारे स्थित था। सरस्वती नदी यहाँ के कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, पंचकुला, यमुनानगर आदि शहरों से गुजरती थी। वर्तमान में हरियाणा एवं राजस्थान सरकारें भी सरस्वती नदी की ऐतिहासिकता पर खोज कर रही हैं।

**42. 1966 में, पंजाब पुनर्आयोजन अधिनियम ने पंजाब को विभाजित किया और क्षेत्र को उस समय की केंद्र शासित प्रदेश...........को हस्तांतरित किया।**

(a) हरियाणा (b) हिमाचल प्रदेश
(c) दिल्ली (d) पंजाब

**HSSC (IRB) 30-12-2018 Shift-II**

**Ans. (a) :** चंडीगढ़ वर्ष 1952 से वर्ष 1966 तक पंजाब राज्य की राजधानी थी। एक नवम्बर 1966 को पंजाब राज्य से हरियाणा राज्य के सृजन होने के पश्चात चंडीगढ़ को केन्द्र शासित प्रदेश नाम दिया गया साथ ही साथ पंजाब एवं हरियाणा राज्य की संयुक्त राजधानी बना दिया गया है।

**43. हरियाणा के उत्तर के निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य स्थित है?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) दिल्ली
(c) हिमाचल प्रदेश (d) राजस्थान

**HSSC Junior Eng. 07/04/2018 Shift-III**

**Ans. (c) :** हरियाणा भारत का एक उत्तरी राज्य है हरियाणा राज्य में कुल 22 जिले हैं। हरियाणा राज्य के उत्तर में हिमाचल प्रदेश, पश्चिम में पंजाब तथा दक्षिण में राजस्थान राज्य स्थित है। यमुना नदी हरियाणा राज्य की उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड राज्य की पूर्वी सीमा बनाता है।

**44. भौगोलिक रूप से हरियाणा राज्य ने भारत के कुल क्षेत्र का ........प्रतिशत भू-भाग ग्रहण किया है?**

(a) 1.4 (b) 2.3
(c) 4 (d) 3.2

**HSSC Accountant (MC) 06/04/2018 shift-II**

**Ans. (a) :** भौगोलिक रूप से हरियाणा राज्य ने भारत के कुल क्षेत्रफल का 1.37 प्रतिशत भू-भाग ग्रहण किया है। हरियाणा का कुल क्षेत्रफल 44212 वर्ग किमी. है। यह क्षेत्रफल के आधार पर भारत का 20 वाँ राज्य है।

**45. महाभारत में हरियाणा का नाम ........ कहा गया है।**

(a) बहुधान्यक (b) प्रमोक
(c) प्रजापति (d) अंगीरस

**HSSC Lab Asst. 30/11/2017 Shift-I**

**Ans. (a) :** महाभारत काल में हरियाणा को बहुधान्यक (भरपूर अनाज) और बहुधना (विशाल धन) की भूमि कहा गया है। महाभारत युद्ध से पहले दस राज्य युद्ध भी कुरूक्षेत्र में हुआ था।

**46. हरियाणा राज्य ....... से 300 मील उत्तर में है।**

(a) भूमध्य रेखा (b) ग्रीनविच रेखा
(c) सीधी रेखा (d) कर्क रेखा

**HSSC Lab Asst. 30/11/2017 Shift-III**

**Ans. (d) :** कर्क रेखा भूमध्य रेखा के 23.5 डिग्री उत्तर में स्थित है। कर्क रेखा भारत के 28 राज्यों गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुजरती है। हरियाणा राज्य कर्क रेखा से लगभग 300 मील उत्तर में स्थित है।

**47. हरियाणा का पुरातनतम नाम हरियाना नाम के उद्भव में पाया जाता है।**

(a) चाहमण (b) ऋग्वेद
(c) अथर्ववेद (d) ब्रह्मपुराण

**HSSC Lab Asst. 30/11/2017 Shift-III**

**Ans. (a) :** हरियाणा का प्राचीनतम नाम हरियाणा चौहानों के कार्यकाल का प्राप्त होता है। अजमेर के चौहानों ने तोमरों को हराकर हरियाणा पर कब्जा कर लिया था। इसमें दिल्ली का क्षेत्र शामिल था। इसका प्रमाण रोहतक जिले के बोहर गांव से मिले शिलालेख के अनुसार होता है। इस लेख के अनुसार इस क्षेत्र को हरियंक के नाम से जाना जाता था। इस लेख पर विक्रम संवत 1337 अंकित है। इसी तरह बाद में सुल्तान मु.तुगलक के शासनकाल में मिले पत्थर पर हरियाणा शब्द अंकित किया गया था।

**48. हरियाणा ने हाल ही में अपना...........संस्थापना दिवस मनाया।**

(a) 42वाँ (b) 50वाँ
(c) 53वाँ (d) 55वाँ

**HSSC Police Sub-inspector 02/12/2018 Shift-II**

**Ans. (c) :** हरियाणा राज्य की स्थापना 1 नवम्बर 1966 को पंजाब से पृथक करके की गयी थी। प्रश्नकाल के दौरान हरियाणा ने अपने गठन का 53वाँ स्थापना दिवस मनाया था।

**49. निम्नलिखित में से किस पर्वतीय श्रेणी पर ''दोड्डाबेट्टा' चोटी स्थित है?**

(a) नीलगिरी पहाड़ियाँ (b) कार्डामम पहाड़ियाँ
(c) अन्नामलाई पहाड़ियाँ (d) नल्लामल पहाड़ियाँ

**HSSC Group-D 17/11/2018 Evenning**

**Ans. (a) :** डोडाबेट्टा तमिलनाडु राज्य में नीलगिरि की पहाड़ी पर स्थित चोटी है। इसकी ऊँचाई 2637 मीटर है। यह दक्षिण भारत की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है। उटकमंड, नीलगिरि पहाड़ी पर स्थित है। दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी अनाइमुडी (2695मी.) अन्नामलाई की पहाड़ियों पर स्थित है।

**50. हरियाणा राज्य का निर्माण 1 नवम्बर, 1966 को निम्न की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति की अनुशंसा पर हुआ था।**

(a) लाल बहादुर शास्त्री (b) इंदिरा गांधी
(c) सरदार हुकम सिंह (d) सर छोटूराम

**HSSC PGT Sociology 2015**
**HSSC Junior Eng. 01/01/2018 Shift-II**

**Ans. (c) :** हरियाणा राज्य का निर्माण 1 नवम्बर, 1966 को सरदार हुकुम सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति की अनुशंसा पर हुआ था। हुकुम सिंह समिति से पूर्व वर्ष 1949 में गठित सच्चर समिति में पूर्वी पंजाब को पंजाबी एवं हिन्दी भाषी क्षेत्रों में सीमांकित किया गया था।

**51. किस वर्ष हरियाणा प्रदेश का पंजाब में विलय किया गया था**

(a) 1858 (b) 1958
(c) 1757 (d) इनमें से कोई नहीं

**HSSC Junior Eng. 07/04/2018 Shift-II**

**Ans. (a) :** हरियाणा क्षेत्र का पंजाब में विलय 1858 में किया गया था। हरियाणा का पंजाब में विलय हरियाणा वासियों द्वारा 1857 की क्रांति में भाग लेने के कारण ब्रिटिश शासकों द्वारा प्रतिशोध के कारण किया गया था।

**52. हरियाणा का राजकीय पक्षी कौन-सा है?**

(a) बाज (b) कबूतर
(c) काला तीतर (d) मोर

**HSSC Attendant 2016 Evening Shift**
**HSSC Group D 2018 Shift-I**
**HSSC Junior Eng. 2018**
**HSSC CET 2022 Shift-I**
**HSSC CET 2023 Group-D**

**Ans. (c) :** हरियाणा राज्य का राजकीय पक्षी 'काला तीतर' (ब्लैक फ्रैंकोलिन) है। यह सुंदर स्टब-टेल्ड गेम बर्ड खेती और झाड़ियों के पास आर्द्रभूमि को सीमा के पास पाया जाता है ब्लैक फ्रैंकोलिन फसलों, छास और झाड़ियों को पसंद करता है। भोजन में मुख्य रूप से अनाज, घास के बीज गिरे हुए जामुन, अंकुर, कंप, दीमक चीटियां, और कीड़े होते हैं।

**53. हरियाणा की राजधानी है**

(a) अंबाला (b) चंडीगढ़
(c) रोहतक (d) करनाल

**HSSC Deputy Forest Ranger 2015 Afternoon**
**HSSC Group-D 10/10/2018 Shift-I**
**HSSC CET 2022 Shift-II**

**Ans. (b) :** चंडीगढ़ शहर को स्विस-फ्रांसीसी आधुनिकतावादी वास्तुकार ले कार्बूसियर द्वारा डिजाइन किया गया है। इन ईमारतों में उच्च न्यायालय, सचिवालय और विधान सभा के साथ-साथ विशाल ओपन हैंड स्मारक के साथ कैपिटल/राजधानी कॉम्प्लेक्स शामिल है। चंडीगढ़ का क्षेत्रफल 114 वर्ग कि.मी. है। चंडीगढ़ का अर्थ है देवीचंडी का गढ़। चंडीगढ़ भारत का एक नियोजित शहर है। 1 नवम्बर 1966 को हरियाणा एवं पंजाब राज्य के गठन के बाद चंडीगढ़ को संयुक्त हरियाणा और पंजाब की राजधानी बनाया गया है।

**54. हरियाणा .............के बीच स्थित है।**

(a) 27º37' से 30º35' उत्तरी अक्षांश
(b) 37º37' से 30º35' उत्तरी अक्षांश
(c) 47º37' से 30º35' उत्तरी अक्षांश
(d) 57º37' से 30º35' उत्तरी अक्षांश

**HSSC Group-D 10/10/2018 Shift-I**

**Ans. (a) :** हरियाणा उत्तर पश्चिम भारत में 27 डिग्री. 37'' से 30 डिग्री. 35'' उत्तरी अक्षांश के बीच स्थित है। हरियाणा एक उत्तर भारतीय राज्य है। हरियाणा का क्षेत्रफल 44,212 वर्ग कि.मी. है।

**55. हरियाणा का पूर्वी देशांतर विस्तार हैः**

(a) 74º27'8" से 77º36'5" (b) 77º28' से 84º38'
(c) 71º28' से 77º36' (d) 70º28' से 77º36'
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC LDC 2019 Afternoon**
**HSSC Auditor 2015 (Eve.)**
**HSSC CET 06/11/2022 Shift-I**

**Ans. (a)** हरियाणा का पूर्वी देशांतर विस्तार 74º27'8º से 77º36'5" तक है। जबकि उत्तरी विस्तार 27º39' से 30º55' तक है। हरियाणा उत्तर भारत में स्थित एक स्थलरुद्व राज्य है। इसका गठन 1 नवंबर 1966 को पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के माध्यम् से किया गया है।

**56. प्रशासनिक राजस्व के उद्देश्य से हरियाणा राज्य को कितने भागों में बाँटा गया है?**

(a) 3 (b) 8
(c) 5 (d) 6
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET 06/11/2022 Shift-II**

**Ans. (d) :** प्रशासनिक राजस्व के उद्देश्य से हरियाणा राज्य को 6 भागों में बाँटा गया है। ये हैं- अंबाला, करनाल, रोहतक हिसार, गुरुग्राम और फरीदाबाद।

**57. हरियाणा के दक्षिण-पश्चिम में कौन-सा राज्य है?**

(a) राजस्थान (b) उत्तर प्रदेश
(c) पंजाब (d) उत्तराखंड
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET 06/11/2022 Shift-II**

**Ans. (a) :** हरियाणा के दक्षिण-पश्चिम में राजस्थान राज्य स्थित है। हरियाणा 22 जिलों के साथ भारत के उत्तरी क्षेत्र में स्थित एक राज्य है।

**58. हरियाणा नाम का मूल है-**

(a) हरि अप (b) हरियाली
(c) हुरियत (d) हल्दी-चंदन

**HSSC Table Vadak 23/09/2018**

**Ans. (b) :** हरियाणा का मूल तात्पर्य हरियाली से है। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में हरियाणा की वैदिक भूमि ने एक पालना की भूमिका निभाई है। वामन पुराण में कहा गया है कि राजा कुरू ने कुरूक्षेत्र स्थल में भगवान शिव के नंदी द्वारा खींचे गए सुनहरे भूरे रंग के हल द्वारा सात कोस के क्षेत्र को पुनः कृषि योग्य बनाया। वेदव्यास ने महाभारत काव्य की रचना इसी भूमि पर की थी।

**59. हरियाणा पूर्व में ....... से घिरा है।**

(a) मध्य प्रदेश (b) इंदौर
(c) उत्तर प्रदेश (d) घग्गर

**HSSC Lab Asst. 14/10/2018 Morning**

**Ans. (c) :** हरियाणा के पूर्व में उत्तर प्रदेश, दक्षिण और पश्चिम में राजस्थान तथा उत्तर में पंजाब और हिमाचल प्रदेश स्थित है।

**60. हरियाणा में कितने वायुसेना स्टेशन हैं?**

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) पांच

**HSSC Industrial Extension Officer Evening-2016**

**Ans. (b) :** हरियाणा राज्य में 'पश्चिमी वायु कमान' क्षेत्र के अन्तर्गत दो वायुसेना स्टेशन हैं–

(1) अम्बाला वायुसेना स्टेशन
(2) सिरसा वायुसेना स्टेशन

**61. भाषा के आधार पर पंजाब में से ........... राज्यों का निर्माण किया गया था।**

(a) राजस्थान और हरियाणा
(b) हरियाणा और हिमाचल प्रदेश
(c) हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान
(d) दिल्ली और हरियाणा

**HSSC Industrial Extension Officer Evening-2016**

**Ans. (b) :** भाषायी आधार पर पंजाब राज्य का विभाजन पंजाब 'पुनर्गठन विधेयक, 1966' के अनुसार पंजाब को तीन भाषायी राज्यों का गठन 1 नवम्बर 1966 को किया गया, जो निम्नवत है–
1. हिन्दी भाषा के आधार पर – हरियाणा राज्य
2. पंजाबी भाषा के आधार पर – पंजाब राज्य
3. पहाड़ी भाषा के आधार पर – हिमाचल प्रदेश
भाषा के आधार पर गठित होने वाला देश का पहला राज्य आन्ध्र प्रदेश था जो 1 नवम्बर 1956 को गठित हुआ था।

**62. कौन सा राज्य हरियाणा के पूर्व में है?**
(a) राजस्थान (b) जम्मू एवं कश्मीर
(c) गुजरात (d) उत्तर प्रदेश
**HSSC Clerk Exam 2015**

**Ans. (d)** हरियाणा राज्य के पूर्व में उत्तर प्रदेश स्थित है यमुना नदी इसकी पूर्वी सीमा को रेखांकित करती है। राज्य की उत्तरी सीमायें पंजाब व हिमाचल प्रदेश से, दक्षिणी व पश्चिमी सीमा राजस्थान से तथा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तीन तरफ से घिरा हुआ है।

**63. हरियाणा अपनी सीमा इसके साथ साझा करता है-**
(a) राजस्थान (b) हिमाचल प्रदेश
(c) पंजाब (d) यह सभी
**HSSC Conductor 17/09/2017 Evening**

**Ans.. (d) :** हरियाणा एक भू आवेष्टित राज्य है जिसका क्षेत्रफल44,214 वर्ग किमी. है, जो देश के कुल क्षेत्रफल का 1.34% है। इसके उत्तर में पंजाब व हिमाचल प्रदेश, उत्तर- पश्चिम में राजधानी-चण्डीगढ़, पूर्व में उत्तर प्रदेश उत्तराखंड व दिल्ली हैं तथा दक्षिण-पश्चिम में राजस्थान की सीमा लगती है।

**64. कैलेंडर वर्ष के किस माह में 'हरियाणा दिवस' मनाया जाता है?**
(a) नवंबर (b) मार्च
(c) जनवरी (d) दिसंबर
**HSSC Conductor 2017**

**Ans. (a) :** कैलेन्डर वर्ष के नवम्बर माह में हरियाणा दिवस मनाया जाता है। हरियाणा का गठन पंजाब से अलग होने के पश्चात् 1 नवम्बर, 1966 को हुआ था अतः एक नवम्बर को हरियाणा दिवस मनाया जाता है।

**65. हरियाणा की सीमा किसके साथ साझा है?**
(a) हिमाचल प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) जम्मू एवं कश्मीर (d) तमिलनाडु
**HSSC Conductor 2017**

**Ans. (a) :** हरियाणा हिमाचल प्रदेश के साथ सीमा साझा करता है। हरियाणा की सीमा उत्तर में पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश, पश्चिम में राजस्थान तथा पूर्व में उत्तर प्रदेश तथा यमुना नदी से इसकी सीमा पूर्व में उत्तराखण्ड से जुड़ी है।

**66. 1947 में जब भारत स्वतंत्र घोषित हुआ, हरियाणा निम्न में से किस राज्य का एक हिस्सा था?**
(a) दिल्ली (b) हिमाचल प्रदेश
(c) पंजाब (d) जम्मू-कश्मीर
**HSSC PGT Computer Science 2015**

**Ans. (c) :** 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ, हरियाणा पंजाब राज्य का हिस्सा था। हरियाणा को पंजाब से 1966 में अलग कर एक नया राज्य बनाया गया। अठारहवें संविधान संशोधन (1966) द्वारा पंजाब एवं हिन्दी भाषी क्षेत्र को हरियाणा के रूप में गठित किया गया।

**67. निम्न में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**1. हरियाणा 74º 28' से 77º 36' अक्षांश पर स्थित है।**
**2. शिवालिक तथा अरावली पर्वत श्रेणियाँ राज्य के दक्षिणी हिस्से में आती हैं।**
**कूट :**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 एवं 2 दोनों (d) इनमें से कोई नहीं
**HSSC PGT English 2015**

**Ans. (d) :** हरियाणा उत्तर पश्चिम भारत में 27º 31' से 30º 35' अक्षांश और 74º 28' से 77º 36' देशांतर के मध्य स्थित है। अतः प्रथम कथन असत्य है।
शिवालिक पर्वत श्रेणीयां हरियाणा के उत्तर में पायी जाती हैं। अरावली पर्वत श्रेणी हरियाणा के दक्षिण में पायी जाती है। यह दिल्ली, राजस्थान, और गुजरात तक विस्तृत है। अतः कथन 2 भी असत्य है।

**68. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मध्य सीमा बनाती है?**
(a) सरस्वती (b) घग्घर
(c) यमुना (d) साहिबा
**HSSC Deputy Ranger (Forest Dept)-2015**
**HSSC Field Inspector-2016 (Store)-2016**

**Ans. (c) :** यमुना नदी हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच सीमा बनाती है, यमुना नदी हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमाओं से भी सीमा बांधती है।

**69. हरियाणा ............ को ''वृक्ष दिवस'' मनाता है।**
(a) 15 अगस्त (b) 15 जुलाई
(c) 15 मई (d) 15 मार्च
**HSSC Auditor 2015 Evening**

**Ans. (b) :** हरियाणा राज्य प्रतिवर्ष 15 जुलाई को ''वृक्ष दिवस'' मनाया जाता है। इसकी शुरुआत **के.एम. मुंशी** द्वारा की गयी थी। **देवेन्द्र सूरा को ट्री मैन ऑफ हरियाणा** के नाम से जाना जाता है।

**70. हरियाणा के उत्तर में इनमें से कौन सा राज्य स्थित है?**
(a) हिमाचल प्रदेश (b) राजस्थान
(c) उत्तर प्रदेश (d) पंजाब
**HSSC Tracer (Agricrlture Department)-2016**

**Ans. (a) :** हरियाणा राज्य के उत्तर में हिमाचल प्रदेश स्थित है। हरियाणा के उत्तर पश्चिम और पश्चिम में पंजाब राज्य स्थित है। हरियाणा का एक मात्र जिला पंचकुला है, जो केन्द्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के साथ सीमा बनाता है।

**71. देश की कुल भमि क्षेत्रफल में हरियाणा का ........... % हिस्सा है।**
(a) 1.34 (b) 2.58
(c) 3.25 (d) 2.76
**HSSC Duputy Ranger (Forest Dept.)-2015**

**Ans. (a) :** हरियाणा का क्षेत्रफल 44,212 वर्ग किमी0 है जो देश के कुल क्षेत्रफल का 1.37% है। क्षेत्रफल की दृष्टि से इसका स्थान 20 वाँ है।

**72. हरियाणा ........... तरफ से दिल्ली से घिरा है।**

(a) 2　　(b) 1

(c) 3　　(d) 4

**HSSC Duputy Ranger (Forest Dept.)-2015**

**Ans. (c) :** हरियाणा दिल्ली के उत्तरी , पश्चिमी और दक्षिणी सीमाओं का निर्माण करते हुये तीन तरफ से दिल्ली से घिरा हुआ है। नतीजतन, हरियाणा का एकमात्र जिला पंचकुला है, जो केन्द्रशासित प्रदेश चंडीगढ के साथ सीमा बनाता है।

**73. राज्य के सरकारी कार्यालयों में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (AEBAS) का इस्तेमाल लागू करने वाला देश का पहला राज्य है**

(a) हरियाणा　　(b) राजस्थान

(c) गुजरात　　(d) मध्य प्रदेश

**HSSC Assistant Sanitary Inspector 28/10/2017**

**Ans. (a) :** राज्य के सरकारी कार्यालयों में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (AEBAS) का इस्तेमाल लागू करने वाला देश का पहला राज्य हरियाणा है। यह पहल भारत सरकार के डिजिटल इंडिया का एक हिस्सा है। AEBAS एक वास्तविक समय निगरानी प्रणाली है जो आधार तथा फिंगरप्रिंट या आईरिस का उपयोग करता है।

**74. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला पंजाब राज्य की सीमा पर है?**

(a) कैथल　　(b) रोहतक

(c) करनाल　　(d) पानीपत

**HSSC Operation Thratre Asst.-2021**

**Ans. (a) :** कैथल जिला हरियाणा के उत्तर पश्चिम में स्थित है यह पंजाब के साथ सीमा साझा करता है।

**75. हरियाणा के पूर्व में कौन-सा राज्य हरियाणा के साथ सीमा साझा करता है?**

(a) उत्तर प्रदेश　　(b) राजस्थान

(c) जम्मू और कश्मीर　　(d) पंजाब

**HSSC Operation Thratre Asst.-2021**

**Ans. (a) :** हरियाणा की उत्तरी सीमा पंजाब और हिमाचल प्रदेश, राजस्थान पश्चिम और दक्षिण, पूर्व में उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश सीमा साझा करता है।

**76. पंजाब से हरियाणा राज्य को किस वर्ष अलग किया गया था?**

(a) 1964　　(b) 1963

(c) 1965　　(d) 1966

**HSSC Operation Thratre Asst.-2021**

**Ans. (d) :** हरियाणा को पंजाब से पृथक राज्य 1966 में बनाया गया था। हरियाणा की सीमाएं उत्तर में पंजाब व हिमाचल प्रदेश, पश्चिम तथा दक्षिण में राजस्थान से पूर्व में उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश तथा यमुना नदी से बंधी है।

**77. हरियाणा में दूसरा सबसे बड़ा शहर कौन सा है?**

(a) गुड़गांव (गुरुग्राम)　　(b) फरीदाबाद

(c) अंबाला　　(d) शुजात हुसैन

**HSSC Computer (H.S.D.)-2016 2016 Morning**

**Ans. (a) :** गुरुग्राम हरियाणा में फरीदाबाद के बाद दूसरा सबसे बड़ा शहर है। भारत में इसकी आय चंडीगढ और मुम्बई के बाद तीसरी सबसे अधिक है। गुरुग्राम हरियाणा का औद्योगिक और वित्तीय केन्द्र है।

**78. हरियाणा राज्य भारत के किस हिस्से में स्थित है?**

(a) दक्षिण – पश्चिम

(b) उत्तर – पश्चिम

(c) उत्तर – पूर्व

(d) दक्षिण – पूर्व

**HSSC Computer (H.S.D.)-2016**

**Ans. (b) :** हरियाणा राज्य भारत के उत्तर-पश्चिम में स्थित है। हरियाणा के उत्तर में पंजाब और हिमाचल प्रदेश, उत्तर पूर्व में उत्तराखंड, पूर्व में उत्तर प्रदेश तथा दक्षिण और पश्चिम में राजस्थान स्थित है।

**79. सीमा आयोग का गठन कब हुआ था, जब पंजाब और हरियाणा को अलग करने का निर्णय लिया गया था?**

(a) मई, 1975　　(b) जनवरी, 1951

(c) अक्टूबर, 1965　　(d) दिसंबर, 1941

**HSSC LDC 22.09.2019 Shift-I**

**Ans.(c):** पंजाब और हरियाणा को अलग करने के लिए हुकुम सिंह समिति का गठन अक्टूबर, 1965 में किया गया था। इस समिति के गठन की घोषणा संसद द्वारा 23 सितम्बर 1965 को की गई थी। हुकुम सिंह समिति की सिफारिश पर भारत सरकार ने पंजाब और हरियाणा की सीमाओं को विभाजित करने के लिए 23 अप्रैल 1966 को न्यायमूर्ति जे.सी. शाह की अध्यक्षता में शाह आयोग का गठन किया जिसने अपनी रिपोर्ट 31 मई 1966 को जारी की।

**80. निम्नलिखित मे से कौन-सा अति प्राचीन नगर नहीं है?**

(a) रोहतक　　(b) पंचकुला

(c) सोनीपत　　(d) अग्रोहा

**Haryana Police Const. 28/08/2016**

**Ans. (b) :**हरियाणा का पंचकुला एक नियोजित शहर है। यह ट्राई सिटी क्षेत्र यानी पंचकुला, चंडीगढ़ और मोहाली का एक हिस्सा है। यह शहर चंडीमंदिर छावनी की मेजबानी करता है जो भारतीय सेना के पश्चिमी कमान का मुख्यालय है।

1. प्राचीन नगर रोहतक का संबंध महाभारत काल से जोड़ा जाता है। इसका प्राचीन नाम रोहताशगढ़ था।

2. सोनीपत हरियाणा की शिक्षा नगरी के रूप में जाना जाता है। महाभारत में इसका उल्लेख स्वर्णप्रस्थ के रूप में मिलता है।

3. अग्रोहा प्राचीन नगर है। यह नगर प्राचीन काल में तक्षशिला एवं मथुरा के प्राचीन व्यापार मार्ग पर स्थित था। अग्रोहा को महाराजा अग्रसेन की राजधानी माना जाता है।

**81. हरियाणा किस राज्य के साथ अपनी राजधानी साझा करता है?**

(a) राजस्थान　　(b) उत्तर प्रदेश

(c) हिमाचल प्रदेश　　(d) पंजाब

**HSSC LDC 2019 Afternoon**

**Ans. (d) :** हरियाणा पंजाब के साथ अपनी राजधानी साझा करता है। हरियाणा और पंजाब की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ है। चंडीगढ़ भारत का एक केन्द्रशासित प्रदेश है। चंडीगढ़ की पश्चिम और दक्षिण सीमा पंजाब से तथा पूर्व में हरियाणा से मिलती है।

**82. हरियाणा ______ देशांतरों के बीच स्थित है।**

(a) 75° 28' **से** 77° 36'

(b) 73° 27' **से** 77° 36'

(c) 74° 28' **से** 77° 36'

(d) 74° 28' **से** 78° 36'

**HSSC Auditor 2015 Evening**

**Ans. (c) :** हरियाणा राज्य की भौगोलिक स्थिति-74° 28' से 77° 36' पूर्वी देशान्तर तथा 27°39' से 30°35' उत्तरी अक्षांश के मध्य हरियाणा से सीमा साझा करने वाले राज्य/संघ शासित प्रदेश- उत्तर प्रदेश, राजस्थान पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली एवं चंडीगढ़।

**83. हरियाणा में 'श्रम दिवस' किस दिन मनाया जाता है?**

(a) शिक्षक दिवस के दिन

(b) विश्वकर्मा दिवस के दिन

(c) स्वतंत्रता दिवस के दिन

(d) गणतंत्र दिवस के दिन

**HSSC Auditor 2015 Morning**

**Ans. (b) :** हरियाणा में 'श्रम दिवस' विश्वकर्मा दिवस के दिन मनाया जाता है। यह दिवस दीपावली के अगले दिन होता है। भगवान विश्वकर्मा द्वारा इस सृष्टि की रचना की गयी है। इसलिए सरकार द्वारा इस दिन को मनाने का निर्णय लिया गया है।

**84. _________ ने हरियाणा का नाम 'हराना' रखा था।**

(a) महाराज कृष्ण

(b) महाराज वैद्य

(c) महाराज वर्धन

(d) महाराज चान्द

**HSSC Auditor 2015 Morning**

**Ans. (a) :** हरियाणा का 'हराना' नाम महाराज कृष्ण ने रखा था। प्राचीन समय में इस क्षेत्र में को ब्रह्मवर्त, आर्यवर्त, ब्रह्मोपदेश आदि नामों से जाना जाता था। उर्वर भूमि और वनस्पति की बहुतायत के कारण इसे 'बहुधान्यता' और 'हरियंका' नामों से भी जाना जाता है।

**85. किस समिति की सिफारिश पर हरियाणा राज्य का गठन किया गया था?**

(a) रणविजय सिंह समिति

(b) हुकुम सिंह समिति

(c) ध्यान चंद्र समिति

(d) पृथ्वी राज समिति

**HSSC Auditor 2015 Morning**

**Ans. (b) :** सरदार हुकुम सिंह समिति की सिफारिश पर 1 नवम्बर, 1966 को पंजाब के हिन्दी भाषी क्षेत्रों को काटकर एक अलग राज्य हरियाणा का गठन किया गया। हरियाणा की चार प्रमुख भौगोलिक विशेषायें हैं-

1. यमुना-घग्गर का मैदान।
2. शिवाालिक पहाड़ियाँ (हिमालय की तलहटी)।
3. आर्द्र-रेगिस्तानी शुष्क रेतीला मैदान।
4. अरावली पहाड़ियाँ।

## भारत के सन्दर्भ में हरियाणा का स्थान

**86. हरियाणा राज्य भारत के किस हिस्से में स्थित है?**

(a) दक्षिण-पश्चिम (b) उत्तर-पश्चिम

(c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण-पूर्व

**HSSC Computer (Health Service Dept.) Evening-2016**

**Ans. (b) :** हरियाणा भारत के उत्तर पश्चिम में स्थित है। हरियाणा के उत्तर में हिमाचल और उत्तराखण्ड, पूर्व में उत्तर प्रदेश, दक्षिण में राजस्थान और पश्चिम में पंजाब स्थित है।

**87. भारत में मध्याह्न भोजन विद्यालयों में शुरू करने वाला पहला राज्य है**

(a) हिमाचल प्रदेश (b) मेघालय

(c) तमिलनाडु (d) पंजाब

**HSSC Junior Eng. 10/11/2018**

**Ans. (c) :** मध्याह्न भोजन योजना सबसे पहले तमिलनाडु में शुरू की गई थी। इसे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. कामराज द्वारा शुरू किया गया था।

**88. हरियाणा.........शुरू करने वाला पहला राज्य है।**

(a) उपग्रह

(b) महिला पुलिस स्वयंसेवक

(c) किसान बजट

(d) आर्यभट्ट

**HSSC Group-D 10/10/2018 Shift-I**

**Ans. (b) :** महिला पुलिस स्वयंसेवी योजना सर्वप्रथम हरियाणा राज्य के करनाल एवं महेन्द्रगढ़ जिलों में एक पायलट परियोजना के रूप में दिसम्बर 2016 में शुरू की गई थी। ये स्वयंसेवी पुलिस और समुदाय के बीच एक कडी के रूप में कार्य करेंगे और संकट में महिलाओं मदद करेंगे।

**89. हरियाणा को.........कहा जाता है।**

(a) मंदिरों की भूमि (b) फूलों की भूमि

(c) भारत की गेहूँ की टोकरी (d) पवित्र राज्य

**HSSC Group-D 10/10/2018 Shift-I**

**Ans. (c) :** हरियाणा राज्य को भारत का ब्रेडबास्केट कहा जाता है। भारत में पंजाब और हरियाणा दोनों को ब्रेडबास्केट (भारत की गेहूँ की टोकरी) के रूप में जाना जाता है। ब्रेडबास्केट देश का वह क्षेत्र है जो मिट्टी की समृद्धता और अनुकूल जलवायु के कारण बड़ी मात्रा में गेहूँ या अन्य अनाज का उत्पादन करता है। हरियाणा में भारत के कुल गेहूँ उत्पादन का लगभग 9% होता है। वित्तीय वर्ष 2019 में भारत के उत्तरी राज्य हरियाणा में 12 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ का उत्पादन किया गया।

**90. रोहतक में शोरी बाजार एशिया का दूसरा सबसे बड़ा ......... बाजार है।**

(a) कपड़ा (b) सेन

(c) अनाज (d) वाहन पुंज

**HSSC Agriculture Inspector (Soil Conservation) Exam - 2016**

**Ans. (a) :** रोहतक का शोरी बाजार एशिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा बाजार है। यह दिल्ली से 70 किमी. दूर स्थित है। 1951 में स्थापित शोरी कपडा बाजार में थोक और खुदरा की 1200 से अधिक दुकानें थीं। रोहतक अपने प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों, कपड़ा बाजार और डेयरियों के लिए प्रसिद्ध है।

**91. क्षेत्रफल की दृष्टि से, हरियाणा भारत का ..... सबसे बड़ा राज्य है।**

(a) 24 वां (b) 22 वां
(c) 21 वां (d) 20 वां

**HSSC Industrial Extension Officer (ICD) 2016 Morning**
**Haryana Police Constable 2021 Morning**

**Ans. (d) :** प्रश्नानुसार क्षेत्रफल की दृष्टि से हरियाणा भारत का 21 वां सबसे बड़ा राज्य है। जबकि 5 अगस्त 2019 को जम्मू और कश्मीर को विभाजित कर केन्द्रशासित प्रदेश बना दिया गया। अतः वर्तमान समय में हरियाणा क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत 20वां सबसे बड़ा राज्य है। हरियाणा का क्षेत्रफल 44212 वर्ग किलोमीटर है।

| राज्य | | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1. राजस्थान | - | 342239 वर्ग किलोमीटर |
| 2. मध्य प्रदेश | - | 308245 वर्ग किलोमीटर |
| 3. महाराष्ट्र | - | 307713 वर्ग किलोमीटर |
| 4. उत्तर प्रदेश | - | 240928 वर्ग किलोमीटर |

**92. हरियाणा........के अंतर्गत भारत का पांचवां ओपन डेनिस फ्री ( ओ.डी.एफ ) राज्य है।**

(a) स्वच्छ भारत मिशन (b) जन कल्याण योजना
(c) गृह कल्याण (d) वन बंधु कल्याण योजना

**HSSC Industrial Extension Officer (ICD) 2016 Morning**

**Ans. (a) :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत हरियाणा को भारत का पांचवां ओडीएफ (खुले में शौच) मुक्त राज्य आवास एवं शहरी कार्यमंत्री हरदीप पुरी ने घोषित किया। स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को की थी।

**93. भारत में .......... 100% ग्रामीण विद्युतीकरण हासिल करने वाला प्रथम राज्य है।**

(a) राजस्थान (b) तमिलनाडु
(c) हरियाणा (d) ओडिशा

**HSSC Agriculture Inspector (Soil Conservation) Evening - 2016**

**Ans. (c) :** भारत में 100% ग्रामीण विद्युतीकरण हासिल करने वाला प्रथम राज्य हरियाणा है। हरियाणा राज्य द्वारा यह लक्ष्य वर्ष 1970 में हासिल कर लिया गया था। नवंबर, 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना की घोषणा की जिसके तहत सरकार ने 1000 दिनों के भीतर 1 मई 2018 तक 18,452 अविद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण किया गया।

**94. देश का कौन-सा राज्य 'दूध और दही की भूमि' के रूप में प्रसिद्ध है?**

(a) पंजाब (b) राजस्थान
(c) हिमाचल प्रदेश (d) हरियाणा

**HSSC Agriculture Inspector (Soil Conservation) Evening - 2016**

**Ans. (d) :** हरियाणा राज्य 'दूध और दही की भूमि' के रूप में प्रसिद्ध है। पशुओं के प्रति प्रेम और आहार में प्रचुरता के कारण ही इसे दूध-दही की नदियों वाले प्रदेश के रूप में विश्वव्यापी प्रसिद्धि मिली है। भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक और दुग्ध उत्पादों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है।

## हरियाणा के जिले, मंडल, उपमंडल, तहसील, उप-तहसील व खंड

**95. नारनौल क्षेत्र के तीन ओर किस प्रदेश की सीमाएँ लगती हैं?**

(a) पंजाब (b) मध्य प्रदेश
(c) राजस्थान (d) उत्तर प्रदेश

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**
**HSSC Food Supply Inspector 2016**

**Ans. (c) :** नारनौल, महेन्द्रगढ़ जिले की एक तहसील है। यह तहसील महेन्द्रगढ़ जनपद के दक्षिणी भाग में स्थित है और इसकी सीमाएं तीन ओर से राजस्थान से घिरी हुई हैं। पूर्वी सीमा का शेष हिस्सा हरियाणा के रेवाड़ी जिले और उत्तरी हिस्सा भिवानी जिले से जुड़ा हुआ है।

**96. हरियाणा का कौन सा शहर ''वैज्ञानिक उपकरणों का शहर'' के नाम से जाना जाता है?**

(a) महम (b) अम्बाला
(c) फाजलपुर (d) कालांवाली

**HSSC Teacher (Agriculture Department) Exam- 2016**

**Ans. (b) :** हरियाणा का अंबाला शहर वैज्ञानिक उपकरणों के शहर के नाम जाना जाता है। इसे मिक्सी सिटी और साइंटिफिक नगरी भी कहा जाता है।

**97. क्षेत्रफल की दृष्टि से हरियाणा राज्य का सबसे बड़ा शहर कौन सा है?**

(a) फरीदाबाद (b) हिसार
(c) गुड़गाँव (d) अंबाला

**HSSC Clerk Exam 2015**

**Ans.** (b) क्षेत्रफल की दृष्टि से हरियाणा राज्य के जिलों का अवरोही क्रम निम्न है-

| | | |
|---|---|---|
| 1. सिरसा | - | 4277 वर्ग किमी. |
| 2. हिसार | - | 3983 वर्ग किमी. |
| 3. भिवानी | - | 3283 वर्ग किमी. |
| 4. जींद | - | 2702 वर्ग किमी. |
| 5. फतेहाबाद | - | 2538 वर्ग किमी. |

**98. कॉलम- II में दिए उनके वर्तमान नामों से सुमेलित कीजिएः**

| कॉलम-I | | कॉलम-II | |
|---|---|---|---|
| I. | साइरशैक | A. | सिरसा |
| II. | कानौड | B. | कैथल |
| III. | कपिस्थल | C. | पानीपत |
| IV. | पांडुप्रस्थ | D. | महेन्द्रगढ़ |

(a) I-B, II-C, III-D, IV-A
(b) I-A, II-D, III-B, IV-C
(c) I-D, II-A, III-B, IV-C
(d) I-C, II-B, III-A, IV-D
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET 05/11/2022 Shift-I**

**Ans. (b)** : सही सुमेलित है-

| **प्राचीन नाम** | | **वर्तमान नाम** |
|---|---|---|
| साइरशैक | - | सिरसा |
| कानौड | - | महेन्द्रगढ़ |
| कपिस्थल | - | कैथल |
| पांडुप्रस्थ | - | पानीपत |

**99. हरियाणा का कौन सा जिला उत्तर प्रदेश के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता?**

(a) करनाल (b) सोनीपत
(c) फरीदाबाद (d) रोहतक

**HSSC Junior Eng. 01/01/2018 Shift-II**

**Ans. (d) :** हरियाणा के रोहतक जिले की सीमा उत्तर प्रदेश से स्पर्श नहीं करती है जबकि, फरीदाबाद, सोनीपत, पानीपत, करनाल और यमुना नगर जिले की सीमा उत्तर प्रदेश से स्पर्श करती है। हरियाणा राज्य में कुल बाईस जिले हैं, हरियाणा का कुल क्षेत्रफल 44212 वर्ग किमी. है।

**100. उत्तर-दक्षिण कोरिडोर हरियाणा राज्य के इन सभी जिलों से निकलता है, सिवाय**

(a) पंचकुला (b) अंबाला
(c) करनाल (d) सोनीपत

**HSSC Tahsil Walfare Officer 02/01/2018 Shift-III**

**Ans. (a) :** उत्तर-दक्षिण कॉरीडोर (4000 किमी.) उत्तर में श्रीनगर को दक्षिण में कन्याकुमारी से जोड़ता है। यह गलियारा हरियाणा के अंबाला, करनाल व सोनीपत जिले से गुजरता है, किन्तु यह पंचकुला जिले से नहीं गुजरता है।

**101. निम्नलिखित जिलों में से कौन-सा राजस्थान से सीमा साझा करता है?**

(a) भिवानी (b) गुड़गाँव
(c) सोनीपत (d) अंबाला

**HSSC OTA Afternoon-2021**

**Ans. (a) :** हरियाणा राज्य का गठन 1 नवम्बर 1966 को हुआ था। वर्तमान में हरियाणा राज्य में कुल 22 जिले हैं। हरियाणा राज्य की सीमा भारत के 5 राज्य तथा केन्द्रशासित प्रदेश दिल्ली से लगी है। राजस्थान की सीमा से हरियाणा का भिवानी जिला सीमा साझा करता है। इसके अतिरिक्त 6 अन्य जिले सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी और नूंह भी सीमा साझा करते हैं।

**102. सबसे बाद में गठित जिला कौन-सा है?**

(a) पलवल (b) कैथल
(c) मेवात (d) पंचकुला

**HSSC Divisional Accountant Officer 24062016**

**Ans. (a) :** हरियाणा का पलवल जिला (21वाँ) सबसे बाद में बनाया गया था। इसका गठन वर्ष 2008 में किया गया था। वर्ष 1966 में हरियाणा के गठन के दौरान कुल 7 जिले थे। जिसमें 15 जिलों का गठन बाद में किया गया। वर्तमान में हरियाणा में कुल 22 जिले हैं।

**103. बहादुरगढ़ नगर हरियाणा के किस जिले के अन्तर्गत आता है?**

(a) झज्जर (b) रोहतक
(c) फरीदाबाद (d) सोनीपत

**HSSC Shift Attendant 2016 Evening**

**Ans, (a) :** बहादुरगढ़ नगर हरियाणा के झज्जर जिले के अंतर्गत आता है। बहादुरगढ़ नगर की स्थापना 1754 ई. में मुगल बादशाह आलमगीर-II द्वारा की गयी थी तथा इसका नाम शराफाबाद रखा था। 1754 ई. में आलमगीर द्वितीय ने इसे बलूच शासक बहादुरखान और तेजखान को जागीर के रूप में दिया था। जिसे बाद में बलूच शासक बहादुर खान ने बदलकर बहादुरगढ़ कर दिया था।

**104. हरियाणा के निम्नलिखित में से किस जिले की सीमा 2 राज्यों से लगती है?**

(a) यमुनागर (b) रेवाड़ी
(c) महेंद्रगढ़ (d) चरखी दादरी

**HSSC Police Sub-Inspector 02-12-2018 Shit-1**

**Ans. (a) :** हरियाणा का यमुनानगर जिला भारत के दो राज्यों हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश से घिरा हुआ है। यह जिला समुद्र तल से 274 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यमुना नदी यमुनानगर जिले से होकर प्रवाहित होती है। इस जिले का कुल क्षेत्रफल 1756 वर्ग किमी. तथा 2011 की जनगणना के अनुसार यहाँ की जनसंख्या 12, 14, 162 है।

**105. निम्नलिखित में से हरियाणा का कौन सा जिला पंजाब और राजस्थान के साथ सीमा साझा करता है?**

(a) हिसार (b) सिरसा
(c) कैथल (d) जिंद
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (b)** हरियाणा राज्य की सीमा 6 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेश (4 राज्य + 2 केन्द्रशासित प्रदेश) से मिलती है। जो राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, चण्डीगढ़ है। हरियाणा राज्य की सर्वाधिक सीमा को स्पर्श करने वाला राज्य राजस्थान तथा न्यूनतम सीमा को स्पर्श करने वाला राज्य हिमाचल प्रदेश है। क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला सिरसा है। जो पंजाब और राजस्थान के साथ सीमा साझा करता है।

**106. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) /रोहतक में पुलिस आयुक्तालय स्थित है।
(B) /सोनीपत में पुलिस आयुक्तालय स्थित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल (A)
(b) केवल (B)
(c) (A) और (B) दोनों
(e) न तो (A) और न ही (B)
(e) उत्तर नहीं देना चाहते।

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (e) :** हरियाणा में 3 पुलिस आयुक्तालय हैं:–

(i) पुलिस आयुक्तालय, फरीदाबाद
(ii) पुलिस आयुक्तालय, गुरुग्राम
(iii) पुलिस आयुक्तालय, पंचकुला

**107. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**A. हरियाणा में पाँच पुलिस आयुक्तालय हैं।**

**B. फरीदाबाद में पुलिस आयुक्तालय स्थित है।**

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) B केवल
(b) A और B दोनों
(c) न तो A और न ही B
(d) A केवल
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (a) :** हरियाणा में तीन पुलिस आयुक्तालय हैं-
पुलिस आयुक्तालय गुरुग्राम, पुलिस आयुक्तालय पंचकुला, पुलिस आयुक्तालय फरीदाबाद। हरियाणा का राज्य पुलिस मुख्यालय सेक्टर 6, पंचकुला में स्थित है।

**108. निम्नलिखित में से हरियाणा का कौन-सा जिला सुदूर उत्तर में स्थित है?**

(a) पंचकुला (b) कुरुक्षेत्र
(c) कैथल (d) यमुनानगर
(e) उत्तर नहीं, देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (a) :** हरियाणा उत्तर भारत में स्थित राज्य है जिसमें 22 जिले हैं। जिसकी उत्तरी सीमा पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश से तथा पश्चिमी और दक्षिणी सीमा राजस्थान से तथा पूर्वी सीमा उत्तर प्रदेश से लगती है। राज्य का सबसे उत्तरी जिला पंचकुला तथा सबसे दक्षिणी जिला नूंह है। राज्य की सर्वाधिक तथा न्यूनतम सीमा को स्पर्श करने वाले राज्य क्रमश: राजस्थान तथा हिमाचल प्रदेश हैं।

**109. निम्नलिखित में से हरियाणा का कौन-सा जिला राजस्थान के साथ सीमा साझा नहीं करता है?**

(a) रोहतक (b) भिवानी
(c) महेन्द्रगढ़ (d) सिरसा
(e) उत्तर नहीं, देना चाहते

**HSSC LDC 2019 Afternoon**
**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (a) :** हरियाणा के 7 जिले (सिरसा, फतेहाबाद, हिसार भिवानी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, नूंह/मेवात) की सीमा राजस्थान से लगती है। रोहतक और चरखी दादरी दो ऐसे जिले हैं जो किसी भी अन्य भारतीय राज्य के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करते हैं।

**110. सूची-I में दिए गए प्रशासनिक प्रभागों को सूची-II में सम्मिलित जिलों के साथ सुमेलित कीजिए।**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| **A.** फरीदाबाद | **1.** पानीपत |
| **B.** गुरूग्राम | **2.** चरखी दादरी |
| **C.** रोहतक | **3.** महेन्द्रगढ़ |
| **D.** करनाल | **4.** नूंह |

(a) A-3, B-4, C-1, D-2 (b) A-4, B-3, C-2, D-1
(c) A-3, B-4, C-2, D-1 (d) A-4, B-3, C-1, D-2
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (b) :**

| प्रशासनिक | | जिला |
|---|---|---|
| करनाल | – | पानीपत |
| गुरूग्राम | – | महेन्द्रगढ़ |
| रोहतक | – | चरखी दादरी |
| फरीदाबाद | – | नूंह |

**111. हरियाणा राज्य में कितने (लगभग) सामुदायिक विकास खंड हैं?**

(a) 90–110 (b) 110–130
(c) 130–140 (d) 80–90
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (c):** हरियाणा में 6 प्रशासनिक प्रभाग, 22 जिले, 73 उप-मण्डल, 93 राजस्व तहसील, 50 उप-तहसीलें, 140 सामुदायिक विकास खण्ड तथा लगभग 7356 गाँव हैं। यह देश के उत्तरी भाग में स्थित राज्य है। इसे पूर्वी पंजाब से अलग करके 1 नवम्बर 1966 में बनाया गया था।

**112. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**A. हरियाणा में 8 प्रशासनिक प्रभाग हैं।**
**B. पंचकुला हरियाणा के प्रशासनिक प्रभागों में से एक है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सही है?**

(a) B केवल
(b) A और B दोनों
(c) न तो A और न ही B
(d) A केवल
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (c):** हरियाणा में 6 प्रशासनिक प्रभाग - रोहतक, गुड़गाँव, अंबाला, हिसार, करनाल और फरीदाबाद हैं। जबकि पंचकुला हरियाणा राज्य का एक सुव्यवस्थित शहर है। यह संघ राज्य क्षेत्र चण्डीगढ़ का एक उप शहर है। भारत के उप पश्चिमी कमाण्ड के प्रतिष्ठित चण्डी मंदिर छावनी मुख्यालय भी पंचकुला शहर में स्थित है।

**113. हरियाणा में कितने जिले हैं?**

(a) 21 (b) 22
(c) 23 (d) 24
(e) उत्तर नहीं देना चाहते।

**HSSC Agriculture Inspector (Soil Conservation) Afternoon-2016**
**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (b) :** हरियाणा 22 जिलों के साथ भारत के उत्तरी क्षेत्र में स्थित एक राज्य है और जनसंख्या के अनुसार भारत का 17वां सबसे बड़ा राज्य है। 1 नवंबर, 1966 को तत्कालीन पूर्वी पंजाब के विभाजन द्वारा हरियाणा राज्य की स्थापना हुई थी, तब राज्य में 7 जिले थे।

**114. गुरु द्रोणाचार्य के नाम से किस शहर का पुनः नामकरण हुआ?**

(a) अम्बाला (b) गुड़गाँव
(c) कुरुक्षेत्र (d) सोनीपत

**HSSC Diputy ranger 2015 Shift-I**
**HSSC Tehshil Welfare Officer 2016**

**Ans.** (b) गुडगांव का नाम बदलकर गुरुग्राम कर दिया गया है राजा युधिष्ठिर ने गुरुग्राम को अपने गुरु द्रोणाचार्य को उपहार में दिया था।

**115. हरियाणा के नूंह जिले की स्थापना की तारीख है**

(a) 15 अगस्त, 2008 (b) 4 अप्रैल, 2005

(c) 11 नवम्बर, 1966 (d) इनमें से कोई नहीं है।

**HSSC Staff Nurse 2015**

**HSSC Tahsil welfare officer-2018 Shift-III**

**Ans. (b)** हरियाणा के नूंह जिले की स्थाना 4 अप्रैल 2005 को की गई थी। इसका गठन गुरुग्रांम की पांच ब्लाकों नूंह, तावडू, नगीना, पुन्हाना और फिरोजपुर झिरका को मिलाकर किया गया। इसका क्षेत्रफल 1507 वर्ग किलोमीटर है।

**116. पलवल को जिले का दर्जा किस वर्ष मिला?**

(a) 2008 में (b) 2005 में

(c) 2007 में (d) 2006 में

**HSSC Patwari Exam 2015**

**HSSC Water Pump Operator G-II 07/05/2017**

**HSSC Junior eng. 2018 Shift-III**

**HSSC PGT English 2015**

**Ans. (a) :** 15 अगस्त 2008 को पलवल को एक जिले का दर्जा मिला था और यह हरियाणा का 21वां जिला बना। पलवल जिला हरियाणा के दक्षिणी भाग में स्थित है। पलवल के उत्तर-पश्चिम में गुडगाँव जिला, उत्तर में फरीदाबाद, उत्तर-पूर्व से दक्षिण तक उत्तर प्रदेश के जिले (गौतम नगर, अलीगढ़, मथुरा) तथा पश्चिम में मेवात जिला है।

**117. सबसे बाद में गठित जिला कौन-सा है?**

(a) पलवल (b) कैथल

(c) मेवात (d) पंचकुला

**HSSC Water Pump Operator G-II 07/05/2017**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त विकल्पों में से हरियाणा का सबसे बाद में गठित जिला पलवल है, यह हरियाणा का 21वां जिला है। वर्तमान में हरियाणा में 22 जिले हैं।

**118. 16 नवंबर 2016 को हरियाणा सरकार ने आधिकारिक तौर पर किस जिले को अपना 22वें जिला अधिसूचित किया था?**

(a) रोहतक (b) पंचकुला

(c) चरखी दादरी (d) गुरुग्राम

**HSSC Computer (Health Service Dept.) Evening-2016**

**Ans. (c) :** 16 दिसम्बर 2016 को प्रदेश के 22वें जिले के रूप में चरखी दादरी की घोषणा हरियाणा सरकार द्वारा की गयी।

**119. हरियाणा राज्य में किस जिले को क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे छोटा माना जाता है?**

(a) पंचकुला (b) फतेहाबाद

(c) झज्जर (d) कुरुक्षेत्र

**HSSC Industrial Extension Officer (IACD)-2016**

**HSSC Computer (Health Service Dept.) Evening-2016**

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार हरियाणा का सबसे छोटा जिला पंचकुला है।

1. पंचकुला- 898 वर्ग किमी.
2. कुरुक्षेत्र- 1530 वर्ग किमी.
3. झज्जर- 1834 वर्ग किमी.
4. फतेहाबाद- 2538 वर्ग किमी.

**120. फरीदाबाद मंडल में कौन सा जिला आता है?**

(a) नूंह (b) जींद

(c) झज्जर (d) महेंद्रगढ़

**HSSC Sanitary Inspector 25/11/2017 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** फरीदाबाद मंडल में तीन जिले आते हैं।

1. फरीदाबाद
2. पलवल
3. नूंह/मेवात

**121. रोहतक मंडल में कौन सा जिला नहीं आता है?**

(a) झज्जर (b) चरखी दादरी

(c) फतेहाबाद (d) भिवानी

**HSSC Sanitary Inspector 25/11/2017 (Shift-II)**

**HSSC Tehshil welfare officer 2016**

**Ans. (c) :** रोहतक मंडल में पांच जिले आते हैं। इनके नाम हैं-

1. रोहतक
2. चरखी दादरी
3. झज्जर
4. सोनीपत
5. भिवानी

**122. हरियाणा के किस शहर का पुराना नाम जैयनपुरी है?**

(a) जींद (b) कैथल

(c) पेहोवा (d) अग्रोहा

**HSSC Sanitary Inspector 25/11/2017 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जींद का प्राचीन नाम जैयनतापुरी था। इस शहर/नगर की स्थापना पाडण्वों ने की थी। महाभारत युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिये पांडण्वों ने इसी स्थान पर जयंती देवी से प्रार्थना की थी।

**123. हरियाणा के निम्न सभी जिलों का निर्माण 1 नवंबर, 1966 को हुआ है सिवाय**

(a) अम्बाला (b) कुरुक्षेत्र

(c) रोहतक (d) महेन्द्रगढ़

**HSSC Sanitary Inspector 25/11/2017 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** हरियाणा राज्य का गठन 1 नवंबर, 1966 को किया गया था। गठन के समय हरियाणा में सात जिले थे। इनके नाम हैं- अंबाला, करनाल, गुडगांव, हिसार, रोहतक, जींद और महेन्द्रगढ़।

**124. हरियाणा का कौन सा जिला किसी अन्य राज्य की सीमा से घिरा हुआ नहीं है?**

(a) पानीपत (b) सिरसा

(c) भिवानी (d) रोहतक

**HSSC Sanitary Inspector 25/11/2017 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** हरियाणा का रोहतक जिला किसी पड़ोसी राज्य को स्पर्श नहीं करता है।

**125. अम्बाला पुलिस रेंज में कौन सा जिला नहीं आता है?**

(a) कुरुक्षेत्र (b) कैथल

(c) यमुनानगर (d) अम्बाला

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** अम्बाला पुलिस रेंज में तीन जिले आते हैं। इनके नाम है-

1. अम्बाला 2. युमना नगर 3. कुरुक्षेत्र

**126. हरियाणा का निम्न में से कौन सा जिला अपने सभी गाँवों में 21 घंटे विद्युत आपूर्ति करने वाला पहला जिला बना?**

(a) रोहतक (b) सिरसा
(c) पंचकुला (d) इनमें से कोई नहीं

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** हरियाणा का पंचकुला जिला अपने सभी गाँव में 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति करने वाला पहला जिला बन गया है।

**127. हिसार पुलिस रेंज में कौन सा जिला नहीं आता है?**

(a) फतेहाबाद (b) सिरसा
(c) कैथल (d) हांसी

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** हिसार पुलिस रेंज में पांच जिले आते है। इनके नाम है-
1. हिसार
2. सिरसा
3. फतेहाबाद
4. जींद
5. हांसी (पुलिस जिला)

**128. हरियाणा का कौन सा शहर सूचना प्रौद्योगिकी के लिए प्रमुख केन्द्र है?**

(a) फरीदाबाद (b) भिवानी
(c) गुरुग्राम (d) पंचकुला

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** पंचकुला शहर हरियाणा में सूचना प्रौद्योगिकी के लिये प्रसिद्ध है। पंचकुला आई.टी पार्क की स्थापना 2008 में की गई थी। यह आई.टी पार्क 74 एकड़ में फैला है।

**129. सिरसा जिले का प्राचीन नाम था सैरिशका, जिसका उल्लेख निम्न में मिलता है-**

(a) महाभारत (b) अष्टाध्यायी
(c) दिव्यावदन (d) यह सभी

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** सिरसा का प्राचीन नाम सैरिशका, (Sairishaka) था। इसका उल्लेख महाभारत अष्टाध्यायी और दिव्यावदन में मिलता है। पाणिनी के अनुसार पांचवीं ई.पूर्व में यह एक संपन्न शहर था।

**130. करनाल पुलिस रेंज में कौन सा जिला नहीं आता है?**

(a) पानीपत (b) झज्जर
(c) कैथल (d) करनाल

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** करनाल पुलिस रेंज में 3 जिले आते हैं। इनके नाम हैं-
(1) करनाल
(2) पानीपत
(3) कैथल

**131. —— जिला पूर्व में कनौद से जाना जाता था।**

(a) महेन्द्रगढ़ (b) करनाल
(c) फरीदाबाद (d) जींद

**HSSC Asst. Sanitory Inspector 28/10/2017 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** कनौडिया ब्राह्मण द्वारा आबाद किये जाने के कारण महेंन्द्रगढ़ शहर को पहले कनौद के नाम से जाना जाता था।

**132. निम्न में से क्या हरियाणा के भिवानी जिले से संबंधित नहीं हैं?**

(a) पृथ्वीराज की कचहरी (b) स्टार स्मारक
(c) खेरा बाबा की समाधि (d) सेन्ट पोंल चर्च

**HSSC Asst. Sanitory Inspector 28/10/2017 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** पृथ्वीराज की कचहरी भिवानी में स्थित है। यहां पर पृथ्वीराज चौहान अपना दरबार लगाते थे। स्टार स्मारक 5वें राधास्वामी गुरू ताराचन्द्र जी महराज का समाधि स्थल है। खेरा बाबा समाधि स्थल भी भिवानी में स्थित है।

**133. मेवात जिले का मुख्यालय ______ है।**

(a) झज्जर (b) नूंह
(c) कैथल (d) जींद

**HSSC Agriculture Inspector Exam (Shift-II)-2016**

**Ans. (b) :** मेवात जिले का मुख्यालय नूंह है। इसका गठन 4 अप्रैल 2005 में किया गया था। वर्ष 2016 में मेवात जिले का नाम बदलकर नूंह कर दिया।

**134. कुरुक्षेत्र का प्राचीन नाम ______ था।**

(a) नाराष्ट्र (b) थानेसर
(c) युगांधर (d) रोहितशा

**HSSC Agriculture Inspector Exam (Shift-II)-2016**

**Ans. (b) :** पुरु के वंशज महराज कुरु ने कुरुक्षेत्र बसाया था। मनु के अनुसार कुरुक्षेत्र पवित्र नदियों सरस्वती और द्रशद्वती के बीच के स्थान को ब्रह्मवर्त के नाम से जाना जाता है। कुरुक्षेत्र में ही भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उद्देश्य दिया था हर्ष वर्धन के समय में इस स्थान का नाम स्थाणेश्वर/थानेसर हो गया।

**135. सोनीपत की स्थापना ______ के रूप में की गई थी।**

(a) तिलप्रस्थ (b) पानप्रस्थ
(c) स्वर्णप्रस्थ (d) इंद्रप्रस्थ

**HSSC Agriculture Inspector Exam (Shift-II)-2016**

**Ans. (c) :** सोनीपत की स्थापना आर्यो ने लगभग 1500 ई.पू. में स्वर्णप्रस्थ के नाम से की थी। महाभारत में इसका उल्लेख स्वर्णप्रस्थ के नाम से है। युधिष्ठिर द्वारा दुर्योधन से मांगे गये पांच गांव में स्वर्णप्रस्थ शामिल था।

**136. हरियाणा का यह जिला 1 नवंबर 1989 को करनाल जिले से निकाला गया। 24 जुलाई 1991 को इसे फिर से करनाल जिले में मिला दिया गया। 1 जनवरी 1992 को यह पुनः पृथक जिला बन गया। यह कौन-सा जिला है?**

(a) रोहतक (b) हिसार
(c) पानीपत (d) कुरुक्षेत्र

**HSSC Police Sub-Inspector 02-12-2018 Shit-1**

**Ans. (c) :** हरियाणा का पानीपत जिला 31 अक्टूबर 1989 तक करनाल जिले का भाग था। 1 नवम्बर 1989 को इसे अलग से जिले का दर्जा दिया गया। 24 जुलाई 1991 को पानीपत फिर से करनाल जिले में मिला दिया गया। 1 जनवरी 1992 को पानीपत पुनः पृथक जिले के रूप में अस्तित्व में आया।

**137. हरियाणा के गुड़गाँव जिला वर्ष...........में बना।**

(a) 1973 (b) 1966
(c) 1979 (d) 1995

**HSSC Group-D 18/11/2018 Shift-I**

**Ans. (b) :** हरियाणा में गुड़गाँव जिले का गठन वर्ष 1966 में किया गया। प्राचीन काल में यह गुरु द्रोणाचार्य का गांव था। वर्तमान में इसका नाम गुरुग्राम कर दिया गया है। गुरुग्राम, हरियाणा राज्य का दूसरा सबसे बड़ा शहर एक आदर्श आधुनिक शहर एवं भविष्य के लक्ष्यों का प्रतिबिंब है।

**138. क्षेत्रफलानुसार (कम से अधिक) हरियाणा के जिलों के लिए सही अनुक्रम के विकल्प का चुनाव कीजिए।**

(a) सिरसा, हिसार, झज्जर, जींद
(b) झज्जर, जींद, सिरसा, हिसार
(c) झज्जर, जींद, हिसार, सिरसा
(d) इनमें से कोई नहीं

**HSSC Clerk Exam 11/02/2016 Evening**

**Ana. (c)** क्षेत्रफलानुसार हरियाणा के जिलों का सही क्रम इस प्रकार है-
(1) झज्जर- 1834 वर्ग किलोमीटर
(2) जींद- 2702 वर्ग किलोमीटर
(3) हिसार- 3983 वर्ग किलोमीटर
(4) सिरसा- 4277 वर्ग किलोमीटर

**139. नूंह किस जिले में आता है?**

(a) फरीदाबाद (b) मेवात
(c) गुड्गाँव (d) रेवाड़ी

**HSSC Auditor Exam 2015**

**Ans. (b)** नूंह भौगोलिक रूप से मेवात क्षेत्र में आता है। नूंह हरियाणा का जनपद है। इसका क्षेत्रफल 1507 वर्ग किलोमीटर है और 10.89 मिलियन आबादी है। यह जनपद मुख्य रूप से मेवों द्वारा बसा हुआ है, जो कृषिविद और मुसलमान हैं।

**140. क्षेत्रफल के अनुसार, हरियाणा का सबसे बड़ा जिला कौन-सा है?**

(a) भिवानी (b) रेवाड़ी
(c) जीन्द (d) झज्जर

**HSSC Auditor Exam 2015**
**HSSC Sanitory Inspector 2017 Shift-II**

**Ans. (a)** प्रश्नानुसार हरियाणा का सबसे बड़ा जिला भिवानी (3283 वर्ग किमी.) है। रेवाड़ी (1559 वर्ग किमी.), जींद (2702 वर्ग किमी.), झज्जर (1834 वर्ग किमी.)।
हरियाणा का क्षेत्रफल के अनुसार सबसे बड़ा जनपद सिरसा (4277 वर्ग किमी.) है एवं सबसे छोटा जनपद फरीदाबाद (741 वर्ग किमी.) है।

**141. हरियाणा के किस जिले में सबसे अधिक विधानसभा या तहसील हैं?**

(a) फरीदाबाद (b) हिसार
(c) सिरसा (d) सोनीपत

**HSSC Auditor 2015 Evening**

**Ans. (b) :** हरियाणा में हिसार जिले में सर्वाधिक 7 विधानसभा क्षेत्र हैं। जिनके नाम व नम्बर इस प्रकार हैं।
1. आदमपुर (47) 2. उकलाना (48 - आरक्षित)
3. नारनौद (49) 4. हांसी (50), 5. बरवाला (51), 6. हिसार (52) 7. नलवा (53)। फरीदाबाद और सोनीपत में 6,6 तथा सिरसा में 5 विधानसभा क्षेत्र हैं।

**142. घरौंडा नगर हरियाणा के किस जिले में स्थित है?**

(a) पानीपत (b) करनाल
(c) जींद (d) कैथल

**HSSC Clerk Exam 27/11/2016 Morning**

**Ans. (b)** घरौंडा नगर हरियाणा के करनाल जिले में स्थित है। यह तहसील, उपमंडल, और ब्लाक भी है।

**143. हरियाणा के किस मण्डल में अधिकतम जिले आते हैं?**

(a) अम्बाला (b) हिसार
(c) गुड़गाँव (d) रोहतक

**HSSC Staff Nursing Test -2021**
**HSSC Deputy Ranger Exam 2015 Shift-I**
**HSSC Clerk Exam 11/12/2016 Morning**

**Ans. (d)** हरियाणा के रोहतक मण्डल में सबसे ज्यादा 5 जिले आते है-
**(1) अम्बाला मण्डल-** अम्बाला, कुरुक्षेत्र, पंचकुला, यमुनानगर।
**(2) गुरुग्राम-** गुरुग्राम, महेन्द्र, रेवाडी।
**(3) हिसार मण्डल-** हिसार,जींद, सिरसा, फतेहाबाद।
**(4) रोहतक-** रोहतक, चरखीदादरी, झज्जर, सोनीपत, भिवानी।
**(5) फरीदाबाद-** फरीदाबाद, परवल, नूंह/मेवात।
**(6) करनाल-** करनाल, पानीपत, कैथल।

**144. हरियाणा के निम्न सभी जिलों की सीमाएँ उत्तर प्रदेश राज्य से लगी है, सिवाय :**

(a) पंचकुला (b) यमुनानगर
(c) करनाल (d) पानीपत

**HSSC Clerk Exam 11/12/2016 Morning**

**Ans. (a)** हरियाणा के 6 जिले उत्तर प्रदेश के 5 जिलों को छूते हैं-यमुनानगर, सहारनपुर को करनाल- सहारनपुर और शामली को, पानीपत- शामली को, सोनीपत-बागपत को, फरीदाबाद- गौतमबुद्ध नगर को, पलवल-गौतमबुद्ध नगर और मथुरा को। पंचकुला जिले की सीमा उत्तर प्रदेश राज्य से नहीं लगी है।

**145. क्षेत्रफलानुसार (छोटे से बड़े) हरियाणा के जिलों का सही अनुक्रम चुनिए।**

(a) कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, पंचकुला
(b) पानीपत, सोनीपत, कुरुक्षेत्र, पंचकुला
(c) पंचकुला, पानीपत, कुरुक्षेत्र, सोनीपत
(d) इनमें से कोई नहीं

**HSSC Clerk Exam 11/12/2016 Morning**

**Ans. (c)** क्षेत्रफलानुसार (छोटे से बड़े) हरियाणा के जिलों के सही अनुक्रम है-
(1) पंचकुला- 898 वर्ग किमी. (2) पानीपत- 1268 वर्ग किमी. (3) कुरुक्षेत्र- 1530 वर्ग किमी. (4) सोनीपत- 2260 वर्ग किमी.।

**146. बापोली किस जिले के अन्तर्गत आता है?**

(a) अम्बाला (b) करनाल
(c) पानीपत (d) जीव

**HSSC LDC 24/06/2016 MORNING**

**Ans. (c) :** पानीपत महाभारत के समय में पाँच शहरों (प्रस्थ) में से एक था। इसका ऐतिहासिक नाम पांडुप्रस्थ था। पानीपत भारतीय इतिहास में तीन प्रमुख लड़ाईयों के लिए जाना जाता है। पानीपत जनपद में पांच तहसीलें पानीपत, इसराना, बपौली, मतलौडा, तथा समालखा हैं।

**147. कौन सा नगर गुड़गाँव की एक तहसील नहीं है?**

(a) मानेसर (b) कोसली
(c) पटौदी (d) फर्रुखानगर

**HSSC Shift Attendant 2016 Morning**

**Ans. (b) :** कोसली गुडगाँव की तहसील नहीं है। गुड़गाँव में कुल पाँच तहसीलें हैं जिनके नाम इस प्रकार हैं - गुरुग्राम, मानेसर, फर्रुखानगर, पटौदी, सोहना।

**148. हरियाणा को कुल कितने प्रशासनिक मण्डलों में बाँटा गया है?**

(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 8

**HSSC Agriculture Inspector Shift-II**
**HSSC PGT Rajniti Vigyan 2015**
**HSSC Police Const. (Female) 18/03/2016**

**Ans. (c)** हरियाणा को कुल 6 प्रशासनिक मण्डलों में बांटा गया है। वर्तमान में हरियाणा में कुल 22 जिले हैं। मण्डलों में मुख्य अधिकारी 'आयुक्त' (Commissioner) होता है और जिलों में मुख्य अधिकारी उपायुक्त (Deputy Commissioner) होता है।

**149. नीचे हरियाणा के कुछ जिले दिये गये हैं।**

**1. जींद 2. महेन्द्रगढ़**
**3. पंचकुला 4. कैथल**
**5. अम्बाला 6. भिवानी**

**इन जिलों को उत्तर से दक्षिण उनकी स्थिति के अनुसार व्यवस्थित कीजिए और सही क्रम का चयन कीजिए।**

(a) 5,3,4,6,2,1 (b) 3,5,4,1,6,2
(c) 5,4,3,1,2,6 (d) 3,5,1,4,6,2

**HSSC PGT Commerce 2015**

**Ans. (b) :** हरियाणा राज्य के जिलों का उत्तर से दक्षिण का क्रम निम्नलिखित है-

- पंचकुला
- अम्बाला
- कैथल
- जींद
- भिवानी
- महेन्द्रगढ़

**150. हरियाणा का सबसे छोटा जिला है।**

(a) पंचकुला (b) गुरुग्राम
(c) भिवानी (d) सोनीपत

**HSSC Accountant morning-2016**
**HSSC Deputy Forest 2015 Morning**

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य का सबसे छोटा जिला पंचकुला है।
(1) पंचकुला- 898 वर्ग किमी.
(2) गुरुग्राम- 1258 वर्ग किमी.
(3) सोनीपत- 2260 वर्ग किमी.
(4) भिवानी- 3283 वर्ग किमी.।

**151. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला रेतीला नहीं है?**

(a) रेवाड़ी (b) कुरुक्षेत्र
(c) महेन्द्रगढ़ (d) भिवानी

**HSSC LDC Field Office 2016**

**Ans. (b) :** कुरुक्षेत्र को करनाल और कैथल जिलों के साथ हरियाणा के 'भारत के चावल का कटोरा' के रूप में जाना जाता है, और यह बासमती चावल के लिए प्रसिद्ध है। कुरुक्षेत्र की मिट्टी जलोढ़ है।

**152. 'थानेसर' हरियाणा के किस जिले का पुराना नाम है?**

(a) हिसार (b) कुरुक्षेत्र
(c) करनाल (d) पलवल

**HSSC Auditor 2015 Afternoon**

**Ans. (b) :** हरियाणा के कुरूक्षेत्र जिले का पुराना नाम थानेसर था। भगवद्गीता के प्रथम श्लोक में कुरुक्षेत्र को 'धर्मक्षेत्र' अर्थात 'धार्मिकता का क्षेत्र' के रूप में वणित किया गया है। 6वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध के थानेसर पुष्यभूति वंश के शासकों की राजधानी थी।

**153. हरियाणा के किस जिले का मुख्यालय नारनौल में है?**

(a) रेवाड़ी (b) महेन्द्रगढ़
(c) भिवानी (d) गुड़गॉव

**HSSC Patwari Exam 2015**
**HSSC Junior Eng. 2018. Shift-III**

**Ans. (b) :** हरियाणा के महेन्द्रगढ़ जिले का मुख्यालय नारनौल में स्थित है। महेन्द्रगढ़ हरियाणा का एक मात्र ऐसा जिला है, जिसका जिला मुख्यालय जिले के अनुरूप नहीं है।

**154. निम्नलिखित मे से हरियाणा का कौन-सा जिला रेतीला नही है?**

(a) महेन्द्रगढ् (b) भिवानी
(c) सिरसा (d) कुरुक्षेत्र

**Ans : (d)** हरियाणा का महेन्द्रगढ़, भिवानी एवं सिरसा जिला रेतीला है। जबकि कुरूक्षेत्र रेतीला जिला नहीं है। कुरुक्षेत्र में जलोढ़ मिट्टी पायी जाती है। हरियाणा के दक्षिण-पश्चिमी भाग में रेतीली मिट्टी पाई जाती है। यह मिट्टी पड़ोसी राज्य राजस्थान से चलने वाली पवनों के साथ आती है।

**155. चरखी दादरी हरियाणा का नवगठित 22 वां जिला है। जिला के रूप में घोषित होने से पहले, यह हरियाणा के किस जिले का हिस्सा था ?**

(a) हिसार (b) पानीपत
(c) भिवानी (d) अम्बाला

**HSSC IEO Exam-2016**
**HSSC Staff Nurse 2015**

**Ans. (c) :** चरखी दादरी, हरियाणा राज्य का 22 वां जिला 1 दिसम्बर 2016 को बना, जो जिला बनने के पूर्व हरियाणा राज्य के 'भिवानी' जिले का हिस्सा था। नव-निर्मित चरखी दादरी जिले में विधानसभा की दो सीटें तथा 4 तहसीले सम्मिलित की गयी हैं।

**156. निम्न सभी जिले अम्बाला कमीश्नरी के अंतर्गत आते हैं, सिवाय-**

(a) करनाल (b) अम्बाला
(c) कैथल (d) पंचकुला

**HSSC PGT English 2015**

Ans. (a) : वर्तमान में हरियाणा राज्य में 22 जिले व 6 मंडल है। अंबाला मण्डल के अन्तर्गत जिले निम्न हैं
अंबाला, पंचकुला यमुनानगर, कुरूक्षेत्र।
जबकी नवीन मंडल करनाल मंडल में करनाल, कैथल व पानीपत आदि जिले आते हैं। अतः प्रश्नकाल के समय विकल्प (a) सही था जबकी वर्तमान में करनाल व कैथल दोनों सत्य हैं।

**157. जाखल जंक्शन किस जिले में स्थित है?**

(a) पंचकुला (b) सोनीपत
(c) फरीदाबाद (d) फतेहाबाद

**HSSC Auditor 2015 Morning**

Ans. (d) : जाखल जंक्शन हरियाणा के फतेहाबाद जिले में स्थित है। यह जाखल मंडी में कार्य करता है।

**158. तावडू नगर किस जिले के अन्तर्गत है?**

(a) मेवात (b) रेवाड़र
(c) गुड़गाँव (d) फरीदाबाद

**HSSC Police Constable 28/08/2016**

Ans. (a) : तावडू नगर (तावरू/तौरू) हरियाणा के नूँह/मेवात जिले का एक कस्बा और तहसील है। तौरू किला हरियाणा के नूँह जिले में स्थित है। दंत कथा के अनुसार तावडू शहर को जाट राजा तावड़ ने बसाया था।

**159. हरियाणा राज्य में ......जिले हैं।**

(a) 22 (b) 21
(c) 20 (d) 14

**HSSC Auditor 2015 Afternoon**
**HSSC Clerk Exam 2016 Evening**
**HSSC LDC 2019**
**HSSC JSE 2020**

Ans. (a) : हरियाणा राज्य में कुल जिलों की संख्या 22 है। राज्य में कुल 6 (अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, रोहतक व करनाल) मंडल हैं। उपमंडल की संख्या 73 एवं तहसीलों की संख्या 93 है।

**160. बल्लभगढ़ का नया नाम क्या है?**

(a) बलरामप्रदेश (b) बलरामगढ़
(c) बलरामपुर (d) बलरामगंज

**HSSC Auditor 2015 Afternoon**

Ans. (b) : हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ तहसील का नाम बदलकर बलरामगढ़ किया। इस शहर की स्थापना बलराम सिंह ने किया था।

**161. हिसार शहर का निर्माण किस वर्ष से आरम्भ हुआ था?**

(a) 1353 (b) 1356
(c) 1355 (d) 1354

**HSSC Asst. Sanitory Inspector 28/10/2017 (Shift-II)**
**HSSC OTA Afternoon-2021**

Ans. (d) : हरियाणा हिसार शहर की स्थापना तुगलक वंश के शासक फिरोज शाह तुगलक 1354 ई. में की थी। उसने इस नए नगर हिसार-ए-फिरोजा को महलों, मस्जिदों, बगीचों, नहरों और अन्य इमारतों से सजाया था। 'हिसार' फारसी शब्द है जिसका अर्थ किला या घेरा होता है।

**162. गुड़गाँव का नाम किस वर्ष में गुरुग्राम में बदल दिया गया था?**

(a) 2016 (b) 2015
(c) 2017 (d) 2014

**HSSC OTA Afternoon-2021**
**HSSC Deputy Forest 2015 Morning**

Ans. (a) : वर्ष 2016 में हरियाणा के गुड़गाँव का नाम बदलकर गुरुग्राम कर दिया गया। ऐतिहासिकता की दृष्टि से गुरुग्राम महाभारत कालीन कौरव व पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य का गाँव था। 1947 ई. में गुड़गाँव स्वतंत्र भारत का हिस्सा बना और भारतीय राज्य पंजाब के अन्तर्गत आ गया। 1966 में यह शहर नए राज्य के निर्माण के साथ हरियाणा के प्रशासन के अधीन आ गया।

**163. हरियाणा में हाल ही में बना जिला कौन सा है?**

(a) झज्जर (b) सिरसा
(c) रेवाड़ी (d) चरखी दादरी

**HSSC OTA Afternoon-2021**

Ans. (d) : हरियाणा सरकार द्वारा 1 दिसम्बर 2016 को चरखी दादरी नामक 22वाँ जिला अधिसूचित किया गया था। चरखी दादरी जिला में दो उपभाग-चरखी दादरी तथा बावड़ा शामिल हैं।

**164. अम्बाला मंडल में कौन-कौन से जिले आते हैं?**

(a) यमुनानगर (b) पंचकुला
(c) कुरुक्षेत्र (d) यह सभी

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 Evening**

Ans. (d) : दिये गये विकल्प के सभी जिले अम्बाला मंडल में शामिल हैं। अंबाला मंडल में अंबाला, यमुनानगर, पंचकुला और कुरुक्षेत्र जिले शामिल हैं। हरियाणा में 6 मंडल हैं।

**165. पंचकूला जिला किस साल में बनाया गया था?**

(a) 1995 (b) 1991
(c) 1992 (d) 1996

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 Evening**

Ans. (a) : पंचकुला जिला 1995 में बनाया गया था। इस जिले का गठन अंबाला जिले के पंचकुला और कालका तहसीलों को मिला कर किया गया था। पंचकुला में तीन तहसीलें हैं – पंचकुला, कालका, रायपुर रानी।

**166. सबसे बाद में गठित जिला कौन-सा है?**

(a) पलवल (b) कैथल
(c) मेवात (d) पंचकुला

**HSSC Water Pump Operator Grade-II 07/05/2017**

Ans. (a) : उपर्युक्त विकल्पों में से हरियाणा का सबसे बाद में गठित जिला पलवल है, यह हरियाणा का 21वां जिला है। वर्तमान में हरियाणा में 22 जिले हैं। 1 दिसम्बर 2016 को प्रदेश के 22वें जिले के रूप में चरखी दादरी की घोषणा हरियाणा सरकार द्वारा की गयी।

**167. करनाल पुलिस रेंज में कौन सा जिला नहीं आता है?**

(a) पानीपत (b) झज्जर
(c) कैथल (d) करनाल

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 Morning**

Ans. (b) : करनाल पुलिस रेंज में झज्जर जिला नहीं आता है। करनाल पुलिस रेंज में करनाल, पानीपत और कैथल जिले को शामिल किया जाता है। हरियाणा में 5 पुलिस रेंज हैं। रोहतक पुलिस रेंज में झज्जर, भिवानी, सोनीपत और चरखी दादरी जिलों को सम्मिलित किया गया है।

**168. किस जिले और किस साल में फरीदाबाद जिले का निर्माण किया गया था?**

(a) करनाल, 1979 (b) गुरुग्राम, 1979
(c) भिवानी, 1979 (d) यमुनानगर, 1974

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 Morning**

**Ans. (b) :** फरीदाबाद जिले का निर्माण गुरूग्राम जिले से अलग कर के 15 अगस्त 1979 ई० को किया गया था। यह हरियाणा के 12वें जिले के रूप में अस्तित्व में आया।

**169. क्षेत्रफल के अनुसार निम्न में से हरियाणा का सबसे छोटा जिला कौन- सा है?**

(a) सिरसा (b) हिसार
(c) पंचकुला (d) झज्जर

**HSSC Station Supervisour 2015**

**Ans. (c) :** क्षेत्रफल के अनुसार हरियाणा का सबसे बड़ा जिला सिरसा तथा सबसे छोटा जिला पंचकुला है। हरियाणा के जिलों का क्षेत्रफल इस प्रकार है।

1. सिरसा - 4277 वर्ग किमी.
2. हिंसार - 3983 वर्ग किमी.
3. झज्जर - 1834 वर्ग किमी.
4. पंचकुला – 898 वर्ग किमी.

**170. पलवल जिला किस मण्डल में आता है?**

(a) हिसार (b) रोहतक
(c) गुडगॉव (d) अम्बाला

**HSSC Station Supervisour 2015**

**Ans. (*) :** पलवल फरीदाबाद मण्डल में आता है। फरीदाबाद मण्डल में तीन जिले आते हैं। इनके नाम हैं- फरीदाबाद, पलवल और नूँह/मेवात।

**171. हरियाणा के किस जिले में मार्च 2017 में प्रथम डाकघर पासपोर्ट केंद्र 'पोस्ट ऑफिस सेवा केंन्द्र' खोला गया?**

(a) हिसार (b) फरीदाबाद
(c) करनाल (d) अंबाला

**HSSC Accountant (MC) 06/04/2018 shift-II**

**Ans. (c) :** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने मार्च 2017 में हरियाणा के करनाल जिले में विदेश मंत्रालय और डाक विभाग क संयुक्त उपक्रम के अर्न्तगत प्रथम डाकघर पासपोर्ट केन्द्र ''पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र'' का उद्घाटन किया जिससे नागरिकों का पासपोर्ट स्थानीय स्तर पर बनाया जा सके यह केन्द्र कई अन्य स्थानी पर खोलने का विचार किया गया है।

**172. निम्नलिखित में से क्या हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिले से संबंधित नहीं है?**

(a) एच.एम.टी. (b) रबड़ टायर
(c) ट्रैक्टर (d) रेफ्रिजरेटर

**HSSC Tehsil Welfare Officer 02/01/2018 Shift-I**

**Ans. (a) :** रबड़ टायर, ट्रैक्टर, रेफ्रिजरेटर का हरियाणा के फरीदाबाद जिले में उत्पादन होता है। एच. एम. टी हरियाणा के अंबाला जिले से संबंधित है।

**173. हरियाणा का कौन-सा जिला उत्तर प्रदेश के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता?**

(a) करनाल (b) सोनीपत
(c) फरीदाबाद (d) जीद

**HSSC Tahsil Walfare Officer 02/01/2018 Shift-III**

**Ans. (a) :** हरियाणा का जींद जिला उत्तर प्रदेश के साथ सीमा साझा नहीं करता है। हरियाणा के 6 जिले-यमुनापार, करनाल, पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद व पलवल, उत्तर प्रदेश के साथ सीमा साझा करते हैं।

**174. सोहना कार रैली इस जिले में निकलती है;**

(a) सिरसा (b) चंडीगढ़
(c) गुड़गाँव (d) अंबाला

**HSSC Tahsil Walfare Officer 02/01/2018 Shift-III**

**Ans. (c) :** सोहना कार रैली गुरुग्राम जिले से निकाली जाती है यह एक रोमांचकारी कार रैली है, जिसमें विंटेज कारों को शामिल किया जाता है।
यह विंटेज कार रैली प्रत्येक वर्ष फरवरी महीने में आयोजित की जाती है।

**175. हरियाणा में कौन-कौन से नये मंडल (division) बनाए गए हैं?**

(a) रोहतक और सिरसा (b) पानीपत और सोनीपत
(c) करनाल और फरीदाबाद (d) इनमें से कोई नहीं

**HSSC Tahsil Walfare Officer 02/01/2018 Shift-III**

**Ans. (c) :** हरियाणा में पहले कुल 4 मंडल थे। बाद में दो नये मंडल करनाल और फरीदाबाद बनाये गये। वर्तमान में कुल 6 मण्डल हैं-

गुरुग्राम
हिसार
अंबाला
रोहतक
फरीदाबाद
करनाल

**176. यमुना हरियाणा में ........ जिलों में प्रवेश करती है।**

(a) यमुनानगर (b) कैथल
(c) भिवानी (d) करनाल

**HSSC Lab Asst. 30/11/2017 Shift-I**

**Ans. (a) :** यमुना नदी हरियाणा में यमुना नगर जिले से प्रवेश करती है। यमुना नदी उत्तर प्रदेश के साथ हरियाणा की पूर्वी सीमा का निर्माण करती है।

**177. हरियाणा में ....... जिले को सबसे कम वर्षा प्राप्त होती है।**

(a) हिसार (b) रोहतक
(c) सिरसा (d) फरीदाबाद

**HSSC Group-D 2018 Shift-I**
**HSSC Auditor-2015 Shift-II**
**HSSC Lab Asst. Shift-III -2018-2018**

**Ans. (c) :** हरियाणा में सबसे कम वर्षा वाला जिला सिरसा है। हरियाणा के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में सबसे कम वर्षा होती है। हरियाणा के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में सर्वाधिक वर्षा होती है। हरियाणा के यमुनानगर जिले में सर्वाधिक वर्षा होती है। यहां पर उपोष्ण कटिबंधीय शुष्क महाद्वीपीय जलवायु पाई जाती है।

**178. कौन-सा हरियाणा का सबसे छोटा जिला है?**

(a) हिसार (b) फरीदाबाद
(c) सोनीपत (d) भिवानी

**HSSC Group-D 17/11/2018 Evenning**

**Ans. (b) :** हरियाणा का सबसे छोटा जिला फरीदाबाद है। हरियाणा के जिलों का क्षेत्रफल इस प्रकार है-
(1). फरीदाबाद - 741 वर्ग किमी.
(2) सोनीपत - 2260 वर्ग किमी.
(3) भिवानी - 3283 वर्ग किमी.
(4) हिसार - 3983 वर्ग किमी

**179. हिसार मंडल में कौन-सा जिला नहीं आता है?**

(a) झज्जर (b) फतेहाबाद
(c) सिरसा (d) जींद

**HSSC Junior Eng. 07/04/2018 Shift-II**

**Ans. (a) :** हिसार मण्डल में चार जिले आते हैं। इनके नाम हैं -
1. हिसार
2. सिरसा
3. जींद
4. फतेहाबाद

**180. गुरुग्राम मंडल में कौन-सा जिला आता है?**

(a) चरखी दादरी (b) महेन्द्रगढ़
(c) इज्जर (d) सोनीपत

**HSSC Junior Eng. 07/04/2018 Shift-II**

**Ans. (b) :** गुरुग्राम मण्डल में तीन जिले शामिल हैं। इनके नाम हैं -
1. गुरुग्राम
2. महेन्द्रगढ़
3. रेवाड़ी

**181. निम्न में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

(a) अम्बाला मण्डल-4 जिले
(b) करनाल मण्डल-3 जिले
(c) रोहतक मण्डल-5 जिले
(d) हिसार मण्डल-5 जिले

**HSSC Junior Eng. 07/04/2018 Shift-II**

**Ans. (d) :** हिसार मण्डल में तीन जिले शामिल हैं। इनके नाम हैं -
1. हिसार 2. सिरसा 3. जींद

**182. रोहतक पुलिस रेंज में कौन से जिले आते हैं?**

(a) झज्जर (b) चरखी दादरी
(c) भिवानी (d) इनमें से कोई नहीं

**HSSC Junior Eng. 07/04/2018 Shift-II**

**Ans. (*) :** हरियाणा में कुल 5 पुलिस रेंज हैं। रोहतक पुलिस रेंज के तहत रोहतक, झज्जर, भिवानी, सोनीपत और चरखी दादरी जिले आते हैं।

**183. निम्न में से कौन-सा हरियाणा राज्य के दक्षिण रेंज का मुख्यालय है?**

(a) नारनौल (b) रेवाड़ी
(c) नूंह (d) पलवल

**HSSC Account (MC) 2018 Shift-I**
**HSSC Junior Eng. 07/04/2018 Shift-II**

**Ans. (b) :** वर्तमान में हरियाणा में कुल पाँच पुलिस रेंज हैं।
(1) अंबाला रेंज में शामिल जिले - अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र
(2) करनाल रेंज- करनाल,पानीपत, कैथल
(3) रोहतक रेंज- रोहतक, झज्जर, भिवानी, सोनीपत चरखी दादरी
(4) हिसार रेंज- हिसार, हांसी फतेहाबाद,सिरसा, जींद
(5) साउथ रेंज- महेन्द्रगढ़ रेवाड़ी पलवल, नूंह
दक्षिणी रेंज का मुख्यलय रेवाड़ी में अवस्थित है।

**184. हरियाणा सरकार ने किस जिले में आधुनिक अलंकारिक मछली अंडज-उत्पत्ति शाला का निर्माण करने का निर्णय किया है?**

(a) मेवात (b) अम्बाला
(c) झज्जर (d) जींद

**HSSC Junior Eng. 07/04/2018 Shift-II**

**Ans. (c) :** हरियाणा सरकार ने राज्य के झज्जर जिले में आधुनिक अलंकारिक मछली अण्डज उत्पत्ति शाला का निर्माण करने का निर्णय लिया है। झज्जर जिले का गठन 15 जुलाई 1997 को रोहतक जिले से अलग करके किया गया था।

**185. हरियाणा राज्य के पुलिस कमिश्नरी के संदर्भ में बेमेल का चयन कीजिए।**

(a) पंचकुला (b) गुरुग्राम
(c) फरीदाबाद (d) पलवल

**HSSC Account (MC) 07/04/2018 Shift-I**

**Ans. (d) :** पलवल जिले में पुलिस कमिश्नरी नहीं है। हरियाणा में पाँच पुलिस रेंज हैं- अम्बाला, करनाल, रोहतक, हिसार तथा साउथ रेंज।

**186. शाह आयोग की अनुशंसा के अनुसार, निम्नलिखित सभी जिले नवनिर्मित हरियाणा राज्य का हिस्सा थे, सिवाय-**

(a) गुड़गॉव (b) रोहतक
(c) हिसार (d) पलवल

**HSSC Junior Eng. 12/04/2018 Shift-III**

**Ans. (d) :** शाह आयोग की रिपोर्ट 31 मई, 1966 के आधार पर पंजाब से अलग होकर हरियाणा 1 नवम्बर 1966 को एक नया राज्य बना। शाह आयोग ने हरियाणा राज्य के गठन के समय उसमें कुल (7) जिले शामिल किये, जो निम्नवत थे- हिसार, गुड़गाँव, रोहतक, करनाल, जींद, अम्बाला एवं महेन्द्रगढ़।

**187. हरियाणा में कौन सा पुलिस जिला नया बनाया गया है जो जिला नहीं है केवल पुलिस जिला है?**

(a) पलवल (b) हाँसी
(c) थानेसर (d) इनमें से कोई नहीं

**HSSC Junior Eng. 12/04/2018 Shift-III**

**Ans. (b)** 'हांसी' हरियाणा के 'हिसार' जिले का एक प्रमुख शहर एवं नगरपालिका है, जिसे हरियाणा राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2016 में 'पुलिस जिला' बना दिया था, परन्तु अभी तक वह पूर्ण जिला नहीं बन सका।

**188. 'पानप्रस्थ' निम्नलिखित जिलों में से किसका प्राचीन नाम है?**

(a) सोनीपत (b) कुरुक्षेत्र
(c) पानीपत (d) कैथल

**HSSC Junior Eng. 12/04/2018**

**Ans. (c) :** पानीपत महाभारत के समय पांडवों द्वारा स्थापित पांच शहरों (प्रस्थों) में से एक था। इसका ऐतिहासिक नाम पांडुप्रस्थ था। पानीपत भारतीय इतिहास मे तीन निर्णायक लड़ाइयों का साक्षी है।

**189. 'सर्पदमन', हरियाणा के किस प्राचीन नगर का नाम है?**

(a) सोनीपत (b) सोहना
(c) सिरता (d) सफीदों

**HSSC Junior Eng. 13/04/2018**

**Ans. (d) :** सफीदों नगर का प्राचीन नाम 'सर्पदमन' था। राजा जन्मेमजय ने सर्पदमन यज्ञ आज के सफीदों नगर में ही किया था। इसी यज्ञ के कारण ही इस जगह का नाम पहले नाम सर्पदमन और बाद में सफीदम तथा अब सफीदों हो गया। इस स्थान पर एक विशाल मंदिर का निर्माण किया गया है, जिसको नागक्षेत्र के नाम से पुकारा जाता है।

**190. हरियाणा में 2017-18 तक ............जिले थे।**

(a) 22 (b) 23
(c) 24 (d) 25

**HSSC Group-D 11/11/2018 Shift-II**

**Ans. (a) :** हरियाणा राज्य का गठन 1, नवम्बर 1966 को हुआ। हरियाणा का भौगोलिक क्षेत्रफल 44212 वर्ग किलोमीटर है। हरियाणा राज्य 6 मंडलों, 22 जिलों में विभाजित किया गया है।

**191. मुस्तकाबाद गाँव का नया नाम है-**

(a) राजीव नगर (b) इंदिरा नगर
(c) सरस्वती नगर (d) सुंदरबन

**HSSC Industrial Extention Officer Evening**
**HSSC Lab Asst. 14/10/2018 Morning**

**Ans. (c) :** हरियाणा सरकार ने यमुनानगर जिले में स्थित मुस्तफाबाद गांव का नाम बदलकर सरस्वती नगर कर दिया है। राजस्व रिकार्ड के अनुसार इस गांव के पास सरस्वती नदी का एक पुराना सूख चुका नदी तल स्थित है। वर्ष 2015 में इसे सरस्वती के उद्गम को बहाल करने तथा आदि बद्री हेरीटेज बोर्ड की स्थापना करने की घोषणा की गयी थी।

**192. हरियाणा राज्य 4 मंडलों में बंटा है। निम्नलिखित कौन-सा मंडल नहीं है?**

(a) रोहतक (b) गुरुग्राम
(c) करनाल (d) हिसार

**HSSC Agriculture Inspector (Soil Conservation) Exam - 2016**

**Ans. (c) :** प्रश्न काल के दौरान हरियाणा में 4 मंडल थे। करनाल मंडल नहीं था। वर्ष 2017 में करनाल और फरीदाबाद को मण्डल बनाया गया था। वर्तमान में हरियाणा राज्य में 6 मण्डल हैं। इन मण्डलों के नाम निम्नलिखित हैं -

(1) अम्बाला (2) फरीदाबाद
(3) गुरुग्राम (4) हिसार
(5) रोहतक (6) करनाल

**193. हरियाणा के गांदा गांव का नया नाम क्या होगा?**

(a) अजित नगर (b) गुरुग्राम
(c) चरखी दादरी (d) गैबी नगर

**HSSC Industrial Extension Officer Evening-2016**

**Ans. (a) :** राज्य के फतेहाबाद जिले के गांव 'गांदा' की 12 वर्षीय बालिका हरप्रीत कौर के साहसिक प्रयास (प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर) के बाद जिले के अधिकारियों ने जुलाई 2016 में 'गांदा' गांव का नाम बदलकर 'अजित नगर' रख दिया। क्योंकि गांदा नाम सुनने-बोलने एवं लिखने से शर्मिंदगी की ओर अधिकारियों का ध्यान हरप्रीत कौर ने आकर्षित कराया था।

**194. भिवानी को लोकप्रिय रूप से हरियाणा के .....के नाम .. जाना जाता है।**

(a) भूदान (b) कर्म भूमि
(c) मथुरा (d) काशी

**HSSC Industrial Extension Officer (ICD) 2016 Morning**

**Ans. (d) :** भिवानी शहर की स्थापना नीम सिंह नाम के एक राजपूत ने अपनी पत्नी भानी के नाम पर की थी। भानी नाम बाद में भिमानी में बदल गया और बाद में 22 दिसम्बर 1972 को भिवानी बनाया गया। यहाँ के लोग उसे छोटी काशी कहते थे क्योंकि हर दूसरी या तीसरी गली में मंदिर मिल जाते हैं।

**195. कौन सा जिला हरियाणा का 22वाँ जिला घोषित किया गया है?**

(a) चरखी दादरी (b) नूंह
(c) पलवल (d) इनमें से कोई नहीं

**HSSC Tracer (Ag Dep.)**
**HSSC Staff Nursing Test -20212015**
**HSSC Computer (H.S.D.)-2016**
**HSSC Deputy Forest Ranger 2015 Afternoon**
**HSSC Conductor 17/09/2017 Evening**
**HSSC Clerk Exam 2015**

**Ans. (a)** 18 दिसंबर, 2016 को चरखी दादरी को भिवानी जिले से पृथक कर हरियाणा का 22वाँ जिला बनाया गया। जबकि 2008 में पलवल को 21वाँ जिला घोषित किया गया था।

**196. हरियाणा के मध्य में स्थित, 'हृदय हरियाणा' कौन सा नगर है?**

(a) सोनीपत (b) करनाल
(c) जींद (d) रोहतक

**HSSC Patwari Exam 2015**
**HSSC CET 2022 Shift-I**
**HSSC Industrial Extention Off. Shift -II-2016**
**HSSC TGT Sanskrit 2015**

**Ans. (c) :** जींद शहर को हृदय हरियाणा कहा जाता है क्योंकि यह हरियाणा के मध्य में स्थित है। जींद शहर की स्थापना जाट महाराजा गजपत सिंह सिध्दु ने की थी ।

**197. हरियाणा के नये प्रशासनिक मंडल हैं-**

(a) यमुनानगर तथा फरीदाबाद (b) करनाल तथा कैथल
(c) फरीदाबाद तथा जींद (d) करनाल तथा फरीदाबाद

**HSSC Conductor 10/09/2017 Evening**

**Ans. (d) :** हरियाणा के सभी जिलों को पहले चार प्रशासनिक मण्डल में रखा गया था। ये 4 मण्डल निम्न हैं– गुरुग्राम, हिसार, अंबाला व रोहतक। वर्तमान में हरियाणा के दो नए मण्डल क्रमशः फरीदाबाद व करनाल हैं। करनाल मण्डल में शामिल जिले– करनाल, कैथल व पानीपत है और फरीदाबाद मण्डल में शामिल जिले – फरीदाबाद, पलवल व नूंह हैं।

**198. हरियाणा का कौन सा जिला पहले अब्दुल्लापुर कहलाता था?**

(a) पानीपत (b) अम्बाला
(c) फरीदाबाद (d) यमुनानगर

**HSSC Conductor 10/09/2017 Evening**

**Ans. (d) :** हरियाणा का यमुनानगर जिला पूर्व में अब्दुल्लापुर के नाम से जाना जाता था। यमुनानगर जिला कागज व प्लाईवुड उद्योगों के लिए जाना जाता है। यह जिला हरियाणा राज्य की सीमा को दो राज्यों हिमाचल प्रदेश व उत्तर-प्रदेश के साथ अपनी सीमा साझा करता है। यह जिला 1 नवम्बर 1989 को अस्तित्व में आया।

**199. मेवात जिले का मुख्यालय कहाँ है?**

(a) नगीना (b) पुन्हाना
(c) फिरोजपुर फिरका (d) नूंह

**HSSC Agri. Insp. (Soil Conservation) Shift-II**
**HSSC Roadways 2017**

**Ans. (d) :** मेवात जिले का मुख्यालय नूहँ में स्थित है। मेवात जिले की स्थापना 4 अप्रैल - 2005 को फरीदाबाद व गुरुग्राम के कुछ क्षेत्रों को मिलाकर की गयी थी। यह राज्य का सर्वाधिक पिछड़ा जिला है। यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है।

**200. हरियाणा में वर्तमान समय में कुल कितनी तहसीलें हैं ?**

(a) 83 (b) 58
(c) 75 (d) 85

**HSSC Wild Life Gourd-2017**

**Ans. (a) :** हरियाणा राज्य का गठन 1 नवबंर 1966 को हुआ था। यह भारत का 17 वां राज्य बना था। हरियाणा राज्य का क्षेत्रफल 44212 वर्ग किलोमीटर है। हरियाणा राज्य में कुल 22 जिले हैं, जिसमें कुल 83 तहसीलें हैं, (प्रश्नानुसार), किन्तु वर्तमान समय में हरियाणा में 93 तहसीलें हैं।

**201. हरियाणा राज्य 6 मंडलों में बंटा है। इनमें से कौन-सा मंडल नहीं है?**

(a) रोहतक (b) फरीदाबाद
(c) भिवानी (d) हिसार

**HSSC Agri. Insp. (Soil Conservation) Shift-II**
**HSSC PGT (Math) 2015**

**Ans. (c) :** 1 नवम्बर 1966 को पंजाब राज्य से अलग होकर हरियाणा नए राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। वर्तमान में हरियाणा 22 जिलों और 6 मंडलों में विभाजित है। 6 मंडल इस प्रकार हैं - अम्बाला, रोहतक, गुरुग्राम, हिसार, करनाल और फरीदाबाद।

**202. हरियाणा का एकमात्र जिला जिसकी सीमाएं किसी अन्य प्रदेश को स्पर्श नहीं करती हैं?**

(a) जींद (b) कैथल
(c) सोनीपत (d) रोहतक

**HSSC Police Const. 28/08/2016**

**Ans. (d) :** हरियाणा के रोहतक जनपद की सीमा किसी अन्य प्रदेश से स्पर्श नहीं करती है। हरियाणा प्रदेश के अन्य जनपदों की सीमा किसी न किसी प्रदेश से स्पर्श करती है। रोहतक जनपद की सीमा से स्पर्श करने वाले अन्य जनपद हैं-सोनीपत, झज्जर, चरखी दादरी, भिवानी, हिसार, जींद।

**203. रानिया नगर किस जिले के अंतर्गत आता है?**

(a) रोहतक (b) सिरसा
(c) हिसार (d) पंचकुला

**HSSC Water Pump Operator 2017 Shift-II**
**HSSC Police Const. 28/08/2016**

**Ans. (b) :** रानिया नगर सिरसा (हरियाणा) जिले के अन्तर्गत आता है। यह सिरसा जिले का एक कस्बा और तहसील है। यह नगर मध्यकाल में ही अस्तित्व में आ गया था।

**204. किस जिले में ऐतिहासिक स्थल गोहना स्थित है?**

(a) पानीपत (b) सिरसा
(c) सोनीपत (d) रिवाड़ी

**HSSC PGT Computer Science 2015**

**Ans. (c) :** गोहना हरियाणा के सोनीपत जिले में स्थित है। गोहना तहसील को पहले रोहतक जिले में जोड़ा गया था। वर्ष 1972 में सोनीपत जिला बना। इसके बाद गोहना तहसील को सोनीपत जिले में जोड़ दिया गया।

**205. मेवात जिले का नया नाम क्या है?**

(a) बलरामप्रदेश (b) बलरामगढ़
(c) नुहार (d) नूंह

**HSSC Auditor 2015 Evening**

**Ans. (d) :** हरियाणा के मेवात जिले का नया नाम नूंह है। इसका कुल क्षेत्रफल 1507 वर्ग किमी. है यह जिला उत्तर में गुरुग्राम पश्चिम में रेवाड़ी तथा पूर्व में फरीदाबाद और पलवल से घिरा है।

**206. हरियाणा का कौन सा जिला भारत के इतिहास में अपनी तीन महत्वपूर्ण लड़ाइयों के लिए मशहूर है?**

(a) जींद (b) पानीपत
(c) कुरुक्षेत्र (d) हिसार

**HSSC Teacher (Agriculture Department) Exam- 2016**

**Ans. (b) :** पानीपत अपने तीन प्रमुख युद्धों के लिए प्रसिद्ध है।
1. पानीपत का प्रथम युद्ध इब्राहिम लोदी और बाबर के मध्य 21 अप्रैल,1526 को हुआ था।
2. पानीपत का द्वितीय युद्ध हेमचंद्र विक्रमादित्य और अकबर के मध्य 15 नवम्बर, 1556 को हुआ था।
3. पानीपत का तृतीय युद्ध पेशवा सदाशिव राव भाऊ और अहमद शाह अब्दाली के मध्य 1761 में हुआ था।

**207. हरियाणा के जिलों के क्षेत्रफल अनुसार ( छोटे से बड़े के ) सही विकल्प क्रम का चयन कीजिए।**

(a) सिरसा, हिसार, झज्जर (b) झज्जर, सिरसा, जींद
(c) झज्जर, जींद, हिसार (d) इनमें से कोई नहीं

**HSSC Staff Nursing Test -2021**

**Ans. (c) :** हरियाणा के जिलों का बढ़ते क्रम में क्षेत्रफल इस प्रकार है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | झज्जर | - | 1834 वर्ग किमी |
| (2) | जींद | - | 2702 वर्ग किमी. |
| (3) | हिसार | - | 3983 वर्ग किमी. |

**208. प्रशासनिक उद्देश्य से राज्य को कितने संभागों में बाँटा गया है?**

(a) 5 (b) 3
(c) 4 (d) कोई नहीं

**HSSC Clerk Exam 2016**
**HSSC PGT Rajnitik Vigyan 2015**

**Ans. (c) :** हरियाणा राज्य गठन के समय 4 सम्भाग थे परन्तु फरवरी 2017 में 2 नये मण्डलों (करनाल व फरीदाबाद) के गठन के बाद वर्तमान में कुल 6 संभाग हो गये हैं।

1. अम्बाला – अम्बाला, कुरूक्षेत्र, पंचकुला, यमुनानगर
2. गुरुग्राम – गुरुग्राम, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी
3. हिसार – हिसांर, सिरसा, जीद, फतेहाबाद
4. रोहतक – रोहतक, दादरी, झज्जर, सोनीपत भिवानी
5. फरीदाबाद – फरीदाबाद, पलवल, नूंह/मेवात
6. करनाल – करनाल, पानीपत, कैथल

**209. निम्न में से हरियाणा का कौन सा जिला ( क्षेत्रफल अनुसार ) सबसे छोटा है?**

(a) पंचकुला (b) यमुनानगर
(c) पलवल (d) इनमें से कोई नहीं

**HSSC PGT Geo & Phy 2015**

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार हरियाणा का सबसे छोटा जिला पंचकुला (क्षेत्रफल के अनुसार) है।

1. फरीदाबाद - 741 वर्ग किमी.
2. पंचकुला - 898 वर्ग किमी.
3. पलवल - 1357 वर्ग किमी.
4. यमुनानगर - 1756 वर्ग किमी.

**210. फार्माना स्थित स्थल किस जिले में स्थित है?**

(a) भिवानी (b) रोहतक
(c) करनोल (d) पंचकुला

**HSSC Operation Thratre Asst.-2021**

**Ans. (b) :** फार्माना स्थित स्थल रोहतक, हरियाणा में स्थित है।

**211. पुरातत्व स्थल 'खोखरा-कोट' किस जिले में है?**

(a) पानीपत (b) सोनीपत
(c) रोहतक (d) थानेसर

**HSSC Food Supply Inspector 2016**

**Ans. (c) :** पुरातत्व स्थल 'खोखरा-कोट' रोहतक जिले में स्थित है। इस स्थल का काल लगभग 800 ईसा पूर्व से 10-11 वीं शताब्दी ई0 माना जाता है। इस स्थल का उल्लेख महाकाव्य महाभारत से और चित्रित ग्रे वेयर से मिलता है। यह स्थल यौधेय गणराज्य की राजधानी थी। यहाँ 8वीं शताब्दी ईसा पूर्व से 11 वीं शताब्दी ईस्वी तक मूर्तियां सिक्के टेराकोटा की मूर्तियां और अन्य छोटी वस्तुएँ पायी गई हैं।

**212. पिल्लूखेड़ा किस जिले के अन्तर्गत है?**

(a) जींद (b) कुरुक्षेत्र
(c) करनाल (d) पानीपत

**HSSC Food Supply Inspector 2016**

**Ans. (a) :** जींद, हरियाणा राज्य के 22 जिलों में से एक है। जींद शहर जिला मुख्यालय है। यह हरियाणा के सबसे पुराने जिलों में से एक है। यह पहले सिक्ख साम्राज्य का हिस्सा था। यह मध्य हरियाणा में स्थित है और जाट बेल्ट का चौथा है। यह भी कहा जाता है कि इस नगर की स्थापना महाभारत के समय हुई थी। पिल्लूखेड़ा जींद की पंचायत है।

**213. जब हरियाणा राज्य का पहली बार गठन हुआ था उसमें कितने जिले थे?**

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

**HSSC Computer (H.S.D.)-2016**

**Ans. (c) :** हरियाणा राज्य का गठन 1 नवंबर, 1966 को हुआ था। हरियाणा राज्य के गठन के समय हरियाणा में 7 जिले थे। उन सात जिलों का नाम करनाल, अंबाला, गुड़गांव, हिसार, महेन्द्रगढ़, रोहतक और जीद थे। वर्तमान में हरियाणा में 22 जिले हैं।

**214. हरियाणा राज्य में किस जिले का क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे छोटा माना जाता है?**

(a) पंचकुला (b) फतेहाबाद
(c) झज्जर (d) कुरुक्षेत्र

**HSSC Computer (H.S.D.)-2016**

**Ans. (a) :** हरियाणा राज्य का सबसे बड़ा जिला सिरसा, 4277 वर्ग किमी तथा सबसे छोटा जिला फरीदाबाद - 741 वर्ग किमी. है। प्रश्नानुसार जिलों का क्षेत्रफल इस प्रकार है।

(a) पंचकुला – 898 वर्ग किमी.
(b) फतेहाबाद – 2538 वर्ग किमी.
(c) झज्जर – 1834 वर्ग किमी.
(d) कुरुक्षेत्र – 1530 वर्ग किमी.

**215. हरियाणा में राजा जनमेजय का सम्बन्ध किस नगर से है?**

(a) जींद (b) झज्जर
(c) जगाधरी (d) सफीदों

**HSSC Assistant Secretary 13/08/2017**

**Ans. (d):** राजा जनमेजय का सम्बन्ध हरियाणा राज्य के जींद जिले के सफीदों नगर से है। जनमेजय अर्जुन के पौत्र राजा परीक्षित के पुत्र थे। राजा परीक्षित अभिमन्यु के पुत्र थे। जनमेजय को जब यह पता चला कि, मेरे पिता की मृत्यु तक्षक नामक सर्प के दंश से हुई तो उन्होंने विश्व के सभी सर्पो को मारने के लिए सर्पमेघ यज्ञ करवाया।

**216. स्वामी श्रद्धानन्द द्वारा 1911 में हरियाणा के किस जिले में गुरुकुल की नींव रखी गई थी ?**

(a) कुरुक्षेत्र (b) रोहतक
(c) झज्जर (d) हिसार

**HSSC Assistant Secretary 13/08/2017**

**Ans. (a) :** स्वामी श्रद्धानंद ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में गुरुकुल की स्थापना 13 अप्रैल, 1912 में की थी। ये भारतीय शिक्षाविद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा आर्य समाज के संन्यासी थे। इन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती की शिक्षाओं का प्रसार किया।

**217. डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र ( पी.ओ.पी.एस.के. ) वर्तमान में हरियाणा के दो जिलों में उपलब्ध है। उस तीसरे जिले का नाम क्या है जहाँ पी.ओ.एस.के. की स्थापना होने वाली है?**

(a) कुरुक्षेत्र (b) फरीदाबाद
(c) सिरसा (d) भिवानी

**HSSC Auditor 2015 Evening**

**Ans. (b) :** विदेश मंत्रालय की नई पहल के तहत हरियाणा के तीन जिले पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र के तहत शामिल हैं। इनके नाम हैं - हिसार, करनाल और फरीदाबाद। इसमें पासपोर्ट सम्बंधी सेवा देने के लिए केन्द्र द्वारा मुख्य डाकघरों का उपयोग किया जाता है।

**218. महात्मा गांधी के हत्यारे, नाथूराम गोडसे को ............ सेंट्रल जेल में फांसी दी गई थी। इस शहर को वैज्ञानिक उपकरणों का शहर भी कहा जाता है।**

(a) सूरजकुंड (b) करनाल
(c) अम्बाला (d) हिसार

**HSSC Computer Teacher 2019**

**Ans. (c) :** नाथूराम गोडसे को 15 नवम्बर, 1949 को अम्बाला सेंट्रल जेल में फाँसी दी गई थी।

**219. किस जिले में ग्राम सभा की संख्या सबसे अधिक होनी चाहिए?**

(a) करनाल (b) गुरुग्राम
(c) पानीपत (d) हिसार

**HSSC LDC 22.09.2019 Shift-I**

**Ans.( a):** हरियाणा के करनाल जिले में सर्वाधिक ग्रामसभाएं हैं।
1. करनाल - 435 ग्राम सभा
2. हिसार - 308 ग्राम सभा
3. पानीपत - 198 ग्राम सभा
4. गुरुग्राम -193 ग्राम सभा

**220. हरियाणा राज्य में जिलों की संख्या कितनी है?**

(a) 22 (b) 24
(c) 23 (d) 25

**HSSC LDC 22.09.2019**

**Ans. (a) :** वर्तमान में हरियाणा राज्य में 22 जिले हैं।

**221. हरियाणा के किस गाँव का नाम सरस्वती नगर रखा गया है?**

(a) जरिया (b) मुस्तफाबाद
(c) कादुना (d) नीमराना

**HSSC Auditor 2015 Morning**

**Ans. (b) :** हरियाणा सरकार ने यमुना नगर जिले के मुस्तफाबाद गाँव का नाम बदलकर सरस्वती नगर कर दिया। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार इस गाँव से होकर पहले सरस्वती नदी बहती थी।

## हरियाणा : जनगणना एवं नगरीकरण ( 2011 )

**222. हरियाणा में नगर निगम की संख्या ( 2011 जनगणना तक ) कितनी है ?**

(a) 2 (b) 4
(c) 9 (d) 3

**HSSC LDC 2019 Shift-I**
**HSSC PGT Math 2015**

**Ans. (c) :** प्रश्नकाल के दौरान हरियाणा राज्य में कुल 9 नगर निगम थे परन्तु वर्तमान में राज्य में नगर निगमों की कुल संख्या 11 हो गयी है। क्योंकि वर्ष 2015 में 'सोनीपत' तथा 2020 में 'मानेसर' को नगर निगम घोषित किया गया। राज्य का पहला नगर निगम फरीदाबाद (2008) था।

**223. जनसंख्या की दृष्टि से हरियाणा का भारत में कौन-सा स्थान है?**

(a) 17 (b) 18
(c) 19 (d) 6
(e) Not attempted/उत्तर नहीं, देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (b) :** भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार, जनसंख्या की दृष्टि से हरियाणा भारत का 18वाँ सबसे बड़ा राज्य है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है।

**224. हरियाणा का सर्वाधिक घनत्व वाला शहर कौन-सा है?**

(a) गुरुग्राम (b) फरीदाबाद
(c) पंचकुला (d) रोहतक
(e) उत्तर नहीं, देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (c) :** हरियाणा का जनसंख्या घनत्व 573 है। सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला जिला फरीदाबाद (2442 प्रतिवर्ग किमी) और न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला जिला सिरसा है। जनसंख्या की दृष्टि से भी फरीदाबाद सबसे बड़ा जिला है।

**225. हरियाणा की कुल जनसंख्या लगभग कितनी है?**

(a) 2,00,00,000 – 3,00,00,000
(b) 3,00,00,000 – 3,20,00,000
(c) 3,20,00,000 – 3,50,00,000
(d) 1,50,00,000 – 2,00,00,000
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (a) :** हरियाणा की कुल जनसंख्या लगभग 2,00,00,000 से 3,00,00,000 के मध्य है। जनगणना 2011 के अनुसार कुल जनसंख्या 25,351,462 है। जिसमें 13,494,734 पुरुष तथा 11,856,728 महिलायें हैं।

**226. हरियाणा की ग्रामीण जनसंख्या राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग कितना प्रतिशत है?**

(a) 50% (b) 45%
(c) 65% (d) 55%
(e) उत्तर नहीं देना चाहते

**HSSC CET (Pre) Group-D 2023**

**Ans. (c)** 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा की कुल जनसंख्या 25,351,462 है। जो देश की कुल जनसंख्या का 2.09% है। हरियाणा राज्य में ग्रामीण कुल जनसंख्या 16509359 है। जो हरियाणा राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 65% है। ज्ञातव्य है कि राज्य का जनसंख्या घनत्व 573 प्रति वर्ग किमी. है और लिंगानुपात 879 है।

**227. निम्न में से कौन सा युग्म जनगणना 2011 हरियाणा के विषय में सही सुमेलित है?**
**सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला कम-से-कम जनसंख्या वाला जिला**

(a) फरीदाबाद-भिवानी (b) भिवानी रेवाड़ी
(c) फरीदाबाद-पंचकुला (d) पिंजौर-जींद

**HSSC Sanitary Inspector 25/11/2017 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जनगणना 2011 के अनुसार हरियाणा का सबसे अधिक जनसंख्या वाला जिला फरीदाबाद 1809773 तथा न्यूनतम जनसंख्या वाला जिला पंचकुला 561293 है।

**228. जनगणना 2011 के अनुसार हरियाणा का देश की आबादी में प्रतिशत क्या है?**

(a) 6% (b) 2.50%
(c) 3% (d) 2.09%

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जनगणना 2011 के अनुसार हरियाणा राज्य देश की अबादी में 2.09% का योगदान देता है।

**229. पानीपत जिले में लिंग अनुपात की निगरानी करने वाला लिंग अनुपात मॉनिटरिंग डैशबोर्ड _______ कार्यक्रम का हिस्सा है।**

(a) नाती (b) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
(c) भारत पुरस्कार (d) खेल रत्न

**HSSC Sanitary Inspector 24/11/2017 (Shift-I)**
**HSSC Accountant Exam-2016**
**HSSC Industries & Commerce Dep.-2016**
**HSSC Industrial Extension Officer (Shift-I)-2016**

**Ans. (b) :** हरियाणा सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत पानीपत जिले में लिंग अनुपात की निगरानी करने वाला लिंग अनुपात मॉनिटरिंग डैशबोर्ड स्थापित किया है। लिंगानुपात डैशबोर्ड द्वारा हर महीने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा सभी गाँवों से बाल लिंगानुपात का डाटा एकत्र किया जायेगा।

**230. 2011 की जनगणना के अनुसार, सभी राज्यों के बीच ________ का सबसे खराब पुरुष-महिला अनुपात था।**

(a) बिहार (b) केरल
(c) हरियाणा (d) उत्तर प्रदेश

**HSSC Agriculture Inspector Exam (Shift-II)-2016**

**Ans. (c) :** 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे कम लिंगानुपात वाला राज्य हरियाणा है, जबकि सबसे अधिक लिंगानुपात वाला राज्य केरल है।

**231. हरियाणा में किस जिले का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है?**

(a) गुड़गाँव (b) पानीपत
(c) फरीदाबाद (d) सिरसा

**HSSC PGT Commerce 2015**
**HSSC Group-D 18/11/2018 Shift-I**

**Ans. (c) :** हरियाणा में फरीदाबाद जिले में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व 2442 है। हरियाणा का जनघनत्व 573 प्रति वर्ग किमी. है। हरियाणा में सिरसा जिले का जनघनत्व सबसे कम 303 है।

**232. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा के किस जिले में महिलाओं की जनसंख्या सर्वाधिक है?**

(a) गुड़गाँव (b) करनाल
(c) भिवानी (d) फरीदाबाद

**HSSC Auditor Exam 2015**

**Ans. (d)** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जनपद में महिलाओं जनसंख्या (843623) सर्वाधिक है। वर्ष 2011 जनगणना के अनुसार हरियाणा राज्य की कुल जनसंख्या 2.54 करोड़ है। जिसमें पुरुष जनसंख्या 13494734 तथा महिला जनसंख्या 11856728 है।

**233. जनगणना - 2011 के अनुसार निम्न में से किस राज्य का जनसंख्या घनत्व सबसे कम है?**

(a) मेघालय (b) मिजोरम
(c) सिक्किम (d) अरुणाचल प्रदेश

**HSSC Clerk Exam 11/12/2016 Morning**

**Ans. (d)** जनगणना-2011 के अनुसार अरुणाचल प्रदेश का जनसंख्या घनत्व सबसे कम (17) है। जनगणना-2011 के अनुसार बिहार सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व (1108) वाल राज्य है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व 382 प्रतिवर्ग किलोमीटर है।

**234. जनसंख्या की दृष्टि से हरियाणा का सबसे बड़ा जिला कौन सा है ( जनगणना 2011 )**

(a) पंचकुला (b) सिरसा
(c) फरीदाबाद (d) गुड़गाँव

**HSSC Shift Attendant 2016 Morning**

**Ans. (c) :** जनसंख्या की दृष्टि से हरियाणा का सबसे बड़ा जिला फरीदाबाद है। जनसंख्या की दृष्टि से हरियाणा का सबसे छोटा जिला पंचकुला है।

**235. हरियाणा में किस धर्म को मानने वाले लोग सबसे ज्यादा हैं?**

(a) हिन्दू (b) बौद्ध
(c) इस्लाम (d) यहूदी

**HSSC Clerk Exam 27/11/2016 Evening**

**Ans. (a)** हरियाणा राज्य में हिन्दुओं की संख्या सर्वाधिक है।
1. हिन्दू - 87.5 % 3. सिख - 5%
2. मुसलमान - 7%

**236. हरियाणा के किस जिले में जनगणना 2011 के अनुसार महिला साक्षरता दर न्यूनतम है?**

(a) मेवात (b) महेन्द्रगढ़
(c) रेवाड़ी (d भिवानी

**HSSC Clerk Exam 27/11/2016 Evening**

**Ans. (a)** हरियाणा में मेवात/नूंह जिले की महिला साक्षरता न्यूनतम 36.60% तथा अधिकतम गुरुग्राम जिले की 77.98% है।

**237. 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा में साक्षरता प्रतिशत है:**

(a) 85% (b) 75.55%
(c) 74.45% (d) 65.85%

**HSSC IEO Exam-2016**

**Ans. (b) :** 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा की साक्षरता प्रतिशत 75.55% है। साक्षरता दर के हिसाब से भारत में हरियाणा 22वें स्थान पर है। भारतीय राज्यों में केरल की साक्षरता दर सबसे अधिक है।

**238. जनगणना 2011 के अनुसार, लिंग अनुपात का राष्ट्रीय औसत कितना है?**

(a) 980 (b) 950
(c) 840 (d) 940

**HSSC IEO Exam-2016**

**Ans. (d) :** जनगणना 2011 के अनुसार, भारत का लिंगानुपात (स्त्री और पुरुष अनुपात) 943 महिलाएँ प्रति हजार है। हरियाणा में लिंगानुपात जनगणना 2011 के अनुसार 879/1000 है।

**239. हरियाणा के निम्न जिलों की जनगणना-2011 अनुसार उनके जनसंख्या के घटते क्रम के आधार पर व्यवस्थित कीजिए :**

**1. फरीदाबाद 2. हिसार**
**3. रोहतक 4. गुडगाँव**

(a) 1,2,3,4 (b) 1,2,4,3
(c) 4,1,2,3 (d) 1,4,2,3

**HSSC PGT English 2015**

**Ans. (b) :** उपरोक्त प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (b) है। 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा राज्य को जनसंख्या 2,53,51,462 है। सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला फरीदाबाद है।